LOK SABHA DEBATES

(Part I — Proceedings with Questions and Answers)

The House met at Eleven of the Clock

Tuesday, December 17, 2024 / Agrahayana 26, 1946 (Saka)

HON'BLE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

LOK SABHA DEBATES

PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, December 17, 2024 / Agrahayana 26, 1946 (Saka)

CONTENTS **PAGES**

WELCOME TO PARLIAMENTARY DELEGATION FROM ARMENIA	**1**
ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 301 – 305)	**1A – 30**
WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 306 – 320)	**31 – 50**
WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. NO. 3451 – 3680)	**51 – 280**

सत्यमेव जयते

LOK SABHA DEBATES

(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)

Tuesday, December 17, 2024 / Agrahayana 26, 1946 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, December 17, 2024 / Agrahayana 26, 1946 (Saka)

C ON T E N T S **P A G E S**

RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION	**281**
PAPERS LAID ON THE TABLE	**281 - 97**
COMMITTEE ON PUBLIC ACCOUNTS **5th to 9th Reports**	**298**
STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDARY AND FOOD PROCESSING **1st to 6th Reports**	**299**
STANDING COMMITTEE ON DEFENCE **1st to 6th Reports**	**300**
STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ **4th Report**	**301**
BILLS INTRODUCED	**302 - 26**
(i) Constitution (One Hundred and Twenty-Ninth Amendment) Bill	
(ii) Union Territories Law (Amendment) Bill	
MATTERS UNDER RULE 377 – LAID	**327 - 41**
Shri Vijay Baghel	**327**
Shri Janardan Singh Sigriwal	**328**
Dr. Nishikant Dubey	**328**
Shri Vishnu Dayal Ram	**329**
Shri Yogender Chandolia	**329**

Shri Parimal Suklabaidya **330**

Shri Manish Jaiswal **330**

Shri Jugal Kishore **331**

Shri Damodar Agrawal **331**

Shri Kali Charan Singh **332**

Shri Bharatsinhji Shankarji Dabhi **332**

Dr. C.M. Ramesh **332**

Shri Rajpalsinh Mahendrasinh Jadav **333**

Shri Rahul Kaswan **333**

Md. Rakibul Hussain **334**

Shri Rajmohan Unnithan **334**

Shri Murari Lal Meena **335**

Shri Gaurav Gogoi **335**

Shri V.K. Sreekandan **336**

Shri Babu Singh Kushwaha **336**

Shri Lalji Verma **337**

Shri Khalilur Rahaman **337**

Shri C.N. Annadurai **338**

Shri G.M. Harish Balayogi **338**

Shri Sanjay Dina Patil **339**

Dr. M .P. Abdussamad Samadani **339**

Shri Sudhakar Singh **340**

Shri Hanuman Beniwal **340**

Shri Rajkumar Roat **341**

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (Contd. - Concluded) 342 - 60

Shrimati Nirmala Sitharaman 342 - 59

Cut Motions – Negatived 360

Demands – Voted 360

BILL INTRODUCED 360 - 63

Appropriation (No.3) Bill

Motion for Consideration – Adopted 361 - 63

Consideration of Clauses 363

Motion to Pass 363

READJUSTMENT OF REPRESENTATION OF SCHEDULED TRIBES IN ASSEMBLY CONSTITUENCIES OF STATE OF GOA BILL -- (Inconclusive) 364 - 96

Motion for Consideration 364

Shri Arjun Ram Meghwal 364 - 65

Captain Viriato Fernandes 366 - 68

Shri Dhaval Laxmanbhai Patel 369 - 72

Shri Chhotelal 373 - 74

Shrimati Pratima Mondal 375 - 76

Shri D.M. Kathir Anand 377 - 78

@ Shri G. Lakshminarayana 379

Dr. Alok Kumar Suman 380 - 81

Shrimati Supriya Sule 382 - 85

Dr. Namdo Kirsan 386 - 87

@ For English translation of the speech made by the Hon. Member, Shri G. Lakshminarayana in Telugu, please see the Supplement (PP 379A to 379C).

Shri Tapir Gao	**388 - 89**
Shri Naresh Ganpat Mhaske	**390 - 91**
Shri Raju Bista	**392 - 93**
@ Dr. Gumma Thanuja Rani	**394**
Shri Sudhakar Singh	**395 - 96**

@ For English translation of the speech made by the Hon. Member, Dr. Gumma Thanuja Rani in Telugu, please see the Supplement (PP 394A to 394B).

LOK SABHA DEBATES

PART II –PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, December 17, 2024 / Agrahayana 26, 1946 (Saka)

S U P P L E M E N T

CONTENTS **PAGES**

XXX XXX XXX XXX

xxx xxx xxx xxx

xxx xxx xxx xxx

xxx xxx xxx xxx

READJUSTMENT OF REPRESENTATION OF SCHEDULED TRIBES IN ASSEMBLY CONSTITUENCIES OF STATE OF GOA BILL 379A - 79C & 394A - 94B

xxx xxx xxx xxx

Shri G. Lakshminarayana 379A - 79C

xxx xxx xxx xxx

Dr. Gumma Thanuja Rani 394A - 94B

xxx xxx xxx xxx

(1100/PC/SNT)

1100 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

आर्मेनिया के संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत

1100 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करना है कि आज सदन में विशिष्ट दीर्घा में आर्मेनिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विराजमान हैं।

मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से भारत की यात्रा पर आए हमारे सम्माननीय अतिथि आर्मेनिया की नैशनल असेंबली के प्रेसीडेंट श्री एलेन सिमोनियन और वहां के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों का स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

आर्मेनिया के संसदीय शिष्टमंडल का भारत आगमन सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 को हुआ था। भारत प्रवास में शिष्टमंडल के सदस्यगण दिल्ली के अतिरिक्त 18 दिसंबर को जयपुर और 19 दिसंबर को आगरा भी भ्रमण करेंगे। उनका शुक्रवार, दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को भारत से प्रस्थान होगा।

हम अपने देश में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं। उनके माध्यम से हम आर्मेनिया की संसद, वहां की सरकार, वहां की मित्रवत जनता को भी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

माननीय अध्यक्ष : अब प्रश्नकाल – क्वेश्चन नंबर 301, श्री आनंद भदौरिया जी।

… (व्यवधान)

(प्रश्न 301)

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने तो सीधा-सीधा सवाल सरकार से पूछा था, लेकिन सरकार ने उसके बारे में नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हम न्यूनतम मजदूरी के साथ तुलना नहीं कर सकते, क्योंकि किसान की मासिक आय क्या है, इसकी जानकारी सरकार के पास नहीं है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं जानना चाहता हूं कि सरकार ने वादा किया था कि वह किसान की आमदनी दोगुनी करेगी। किसान की आमदनी दो गुनी हुई या नहीं हुई? सरकार यह जवाब दे दे। अगर नहीं हुई, तो सरकार इसको कब तक पूरा करने का काम करेगी? किसान की आय दोगुनी कब होगी? मैं दूसरा प्रश्न बाद में पूछ लूंगा।

माननीय अध्यक्ष : हां, सप्लीमेंट्री में पूछ लीजिएगा।

… (व्यवधान)

श्री शिवराज सिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष महोदय, किसानों की आय के बारे में एनएसएसओ की एक रिपोर्ट है, वही हम लोग प्रमाणित मानते हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2002-03 में यह आय 2,115 रुपए महीने थी। वर्ष 2018-19 में यह आय बढ़कर 10,218 रुपए महीना हो गई। इसके बाद का सर्वे अभी नहीं हुआ है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को यह बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयत्न किए जा रहे हैं। अगर उन प्रयत्नों को आप देखें, तो हमने छ: सूत्रीय रणनीति बनाई है। पहला, उत्पादन बढ़ाना। दूसरा, उत्पादन की लागत कम करना। तीसरा, उत्पादन के ठीक दाम देना। चौथा, अगर प्राकृतिक आपदा आए, तो नुकसान की भरपाई करना और पांचवां, कृषि का विविधीकरण।

(1105/SJN/AK)

छठवां, जैविक और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देना है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, इन उपायों के परिणाम स्वरूप वर्ष 2019 में माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक क्रांतिकारी फैसला किया था कि फसलों के दामों में जो उत्पादन की लागत है, उस पर कम से कम एमसीपी का दाम 50 प्रतिशत लाभ देकर घोषित किए जाएंगे, तब से ये लगातार घोषित हो रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के लिए अलग-अलग यानी 109 नई बीजों की वैरायिटी घोषित की गई है। हम उन्नत बीज दे रहे हैं, मैकेनाइजेशन कर रहे हैं।…(व्यवधान)

आज ही प्रधानमंत्री जी नदी जोड़ने के एक बड़े प्रोजेक्ट पर मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हो रहा है। सिंचाई की बेहतर व्यवस्था के लिए नदी जोड़ो कार्यक्रम चल रहा है। सूक्ष्म सिंचाई योजना है। उत्पादन की लागत घटाने के लिए 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' का एक क्रांतिकारी फैसला किया है, तो इसी सरकार ने किया है।

उसके साथ ही साथ पिछले साल से पहले किसानों को फर्टिलाइजर की सब्सिडी 2,14,000 करोड़ रुपये दी गई है और पिछले साल 1,94,000 करोड़ रुपये सब्सिडी दी गई है। हम इस साल भी कोई कमी नहीं आने देंगे। हम किसानों को कम ब्याज पर कर्ज देने का काम कर रहे हैं।…(व्यवधान) किसान क्रेडिट कार्ड है। कृषि का मैकेनाइजेशन है। हम कृषि उपकरणों को सब्सिडी पर देने का काम कर रहे हैं। अगर एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद की गई है, तो इस सरकार ने की है। महोदय, मैं आज

तुलना नहीं करना चाहता हूं। अगर मेरे मित्र चाहेंगे, तो मैं तुलनात्मक आंकड़ा भी बता सकता हूं। जब उनकी सरकार थी, तो सिर्फ दलहन की फसल केवल 6,00,000 मीट्रिक टन खरीदी गई थी, जबकि हमने किसानों को सही दाम देने के लिए 1,70,00,000 मीट्रिक टन खरीदी है। एक नहीं अनेक उपाय हैं। अगर आप अनुमति दें, तो मैं तो पूरी बहस कर सकता हूं। यह सरकार काम कर रही है। उससे निश्चित तौर पर किसानों की आय बढ़ रही है, यह मैं दावे के साथ कह सकता हूं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछिए।

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) : माननीय अध्यक्ष जी, इसमें कोई दो राय नहीं है कि माननीय कृषि मंत्री जी जैसा लच्छेदार भाषण कोई नहीं दे सकता है।

माननीय अध्यक्ष : आप प्रश्न पूछिए।

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) : महोदय, जमीन के हालात भाषण से अलग हैं। मैं जानना चाहता हूं कि एमएसपी कब मिलेगी, किसानों का कर्ज कब माफ होगा, डीएपी कब मिलेगी और किसानों के हालात कब सुधरेंगे? मैंने 'ग' में पूछा था कि वर्ष 2023-24 के दौरान देश में किसानों की प्रति व्यक्ति आय का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है, उसका उत्तर भी नहीं मिला है।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, यह प्रश्न काल है, चर्चा काल नहीं है।

श्री शिवराज सिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे भाषण में लच्छा तो कहीं नहीं था। मैंने तो सीधे-सीधे तथ्य रखने की बात कही है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि एमएसपी पर आज भी खरीद हो रही है, हम अभी भी सोयाबीन खरीद रहे हैं। तेलंगाना में तो कांग्रेस पार्टी की सरकार है। यहां पर किशन रेड्डी जी बैठे हैं, तेलंगाना सरकार ने कहा है कि सोयाबीन का और ज्यादा टारगेट बढ़ाओ, तो उसकी अनुमति देने का काम भी इसी सरकार ने किया है।

अधिसूचित फसलों की एमएसपी पर खरीद हो रही है, लगातार डीएपी आ रहा है तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयत्न किए जा रहे हैं। अगर आप राज्यवार डेटा चाहते हैं, तो इस आंकड़े या सर्वे के हिसाब से किस राज्य में किसानों की आय कितनी है, तो आंध्र प्रदेश में 10,480 रुपये, अरुणाचल प्रदेश में 19,225 रुपये, असम में 10675 रुपये, बिहार में 7,542 रुपये, छत्तीसगढ़ में 9,677 रुपये, गुजरात में 12,631 रुपये और हरियाणा में 22,841 रुपये है। ये पूरे आंकड़े हैं। वर्ष 2019 तक हर एक राज्य की जो आय बढ़ी है, उसके पूरे आंकड़े हैं। वर्ष 2019 के बाद और तेजी से यह आय बढ़ रही है, हम किसानों की आय बढ़ाने और उसको दोगुनी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम लगातार काम कर रहे हैं।

(1110/IND/UB)

श्री बलवंत बसवंत वानखडे (अमरावती) : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कृषि और किसान कल्याण मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि देश के किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं? देश में किसानों की प्रति व्यक्ति आय निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है, इसलिए छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कृषि नवचार और प्रौद्योगिक विकास के लिए क्या कदम उठा रही है?

श्री शिवराज सिंह चौहान : अध्यक्ष जी, किसानों की आय न्यूनतम मजदूरी से कम नहीं है। यह गलत बात है कि किसानों की आय निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम है। हमने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं और किसानों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। सूक्ष्म सिंचाई योजना, मैकनाइजेशन में सब्सिडी, कम ब्याज पर कर्जा, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से हम किसानों को केवल चार परसेंट, जो हमारा ब्याज है, उस पर कर्ज देने का काम कर रहे हैं। ऐसी अनेकों योजनाएं हैं, जिनसे हम किसानों की आय बढ़ाने का काम निरंतर कर रहे हैं।

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, regarding Andhra Pradesh, the number of eligible beneficiaries under the PM-KISAN are 41,84,000 and the actual beneficiaries are 41,22,000 as per the current record. There are almost 62,000 farmers who have been left out from the PM-KISAN Scheme because the policy has not been updated for the last five years. From December 2018 to April 2019, whoever had the land was considered for the PM-KISAN but after that, so many farmers have gifted, sold or given the land to their children, the data of which has not been updated for the last five years. Hence, there are 62,000 farmers who are losing out from setting the benefit of PM-KISAN. The situation prevails not only in my State but also in other States. So, I would like the hon. Minister to tell us when this data can be updated so that these farmers also get benefited.

श्री शिवराज सिंह चौहान : अध्यक्ष जी, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से यदि कोई किसान वंचित है, तो उसे जोड़ने के लिए भारत सरकार लगातार अभियान चलाती रहती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगभग एक करोड़ नए किसानों के नाम इस योजना से जोड़े गए। इसके बीच हमने एक अभियान और चलाया था, जिसमें लगभग 25 लाख किसानों के नाम जोड़े गए थे। मैं माननीय सदस्य से पूरा विवरण प्राप्त कर लूंगा। पहले ऐसा जरूर हुआ था कि कुछ जगह राज्य सरकारों ने पूरे सही नाम नहीं भेजे थे, लेकिन प्रधान मंत्री जी का कहना है कि पैसा सीधे किसान के एकाउंट में जाए, किसी फर्जी किसान के एकाउंट में न जाए, इसलिए कुछ महत्वपूर्ण चीजें हमने जरूर की थीं, जिनके कारण कुछ किसानों के नाम कम हुए थे। जब बाद में जैसे-जैसे राज्यों ने औपचारिकताएं पूरी कर लीं, हम नाम जोड़ते चले गए हैं। अगर कोई वाजिब नाम छूट गया है, तो मैं आपके माध्यम से वचन देता हूं कि वह नाम निश्चित तौर पर प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि में जोड़ा जाएगा।

श्री अमरा राम (सीकर) : अध्यक्ष जी, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वर्ष 2019 में प्रति परिवार प्रति माह 10218 रुपये इनकम बताई थी। इस देश की 60 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है और विकसित भारत वर्ष 2022 में दोगुनी आय की बात कही थी। आप अंदाजा लगाएं कि पिछले दस साल में तीन लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं।

माननीय अध्यक्ष : आपका प्रश्न क्या है?

श्री अमरा राम (सीकर) : अध्यक्ष जी, मेरा प्रश्न है कि खरीद नहीं हो रही है। राजस्थान में सबसे ज्यादा बाजरा पैदा होता है। मंत्री जी बताएं कि क्या आपने एक क्विंटल बाजरा भी खरीदा है? न आप धान खरीद रहे हैं और एक बैग डीएपी का नहीं मिला।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाएं, एक साथ इतने सारे प्रश्न नहीं पूछे जाते हैं।

... (व्यवधान)

(1115/RV/RCP)

श्री शिवराज सिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष महोदय, जब उधर के लोगों की सरकार थी, तब आय 2,115 रुपये थी, अब वह बढ़ कर 10,218 रुपये हो गयी है।... (व्यवधान) यह वर्ष 2019 तक के आंकड़े हैं। वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2024 तक के आंकड़े अभी तक नहीं आए हैं।... (व्यवधान) अगले साल फिर सर्वे होने वाला है। मेरा विश्वास है कि जो कदम प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उठाए गए हैं, यह आय इससे और बढ़ेगी। यह आय बहुत अधिक बढ़ी है, लगभग दोगुनी हुई है।... (व्यवधान)

महोदय, जहां तक बाजरे की खरीद से संबंधित सवाल है, बाजरे की खरीद के लिए हमारी योजना है, लेकिन यह राज्य सरकार के ऊपर निर्भर करता है।... (व्यवधान) कुछ समय पहले तक वहां राज्य सरकार कौन-सी थी?... (व्यवधान) कई योजनाएं ऐसी हैं, क्योंकि कृषि राज्य का विषय है और केन्द्र सरकार राज्यों के सहयोग से खरीद की व्यवस्था करती है।... (व्यवधान) हम मोटा अनाज भी एमएसपी पर खरीदते हैं। यह राज्य सरकार की च्वॉयस है।... (व्यवधान)

(इति)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, मैंने आपको प्रश्न पूछने के लिए एलाउ किया। आप पहली बार यहां सांसद बनकर आए हैं और आप बार-बार बैठे-बैठे बोल रहे हैं। अगर आप ऐसा करेंगे तो मुझे फिर विचार करना पड़ेगा।

(Q. 302)

SHRI DILIP SAIKIA (DARRANG-UDALGURI): Hon. Speaker Sir, I am pleased to note and know that under the dynamic leadership of hon. Prime Minister Narendra Modi ji, the Government of *Bharat* has taken steps for training, capacity building and modernisation of the coastal police by setting up the National Academy of Coastal Policing (NACP), Joint Coastal Patrolling (JCP), Sagar Kavach, Coastal Security Scheme (CSS), etc., for nine coastal States and for the Indian territory.

I have a question. जैसा कि हम जानते हैं, हमारी कोस्टल सीमा करीब 7,500 किलोमीटर के करीब है। इसमें 9 कोस्टल स्टेट्स और 4 केन्द्रशासित प्रदेश हैं। इसमें जो समस्या है, वह तस्करी की है। यह इस देश की सुरक्षा के लिए भी बहुत गुरुत्व है।

मेरा प्रश्न है कि कोस्टल पुलिस, गृह मंत्रालय ने संदिग्ध नौकाओं और जहाजों का पता लगाने के लिए और समुद्री मार्गों से जो अवैध शरणार्थी अनाधिकृत तरीके से प्रवेश करते हैं या जो नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं या अवैध हथियारों की तस्करी या मानव तस्करी करते हैं, इनसे निपटने के लिए भारत सरकार ने क्या कदम उठाए हैं, क्या प्रयास किए हैं?

श्री नित्यानन्द राय : महोदय, जो तटीय सुरक्षा है, वह तीन घेरों से संरक्षित होता है। उन घेरों के माध्यम से केन्द्र सरकार, मोदी सरकार पूरा प्रयास करती है कि किसी अवैध नौकाओं और जहाजों द्वारा या अन्य प्रकार से भी किसी प्रकार की जो तस्करी होती है, वह न हो।

महोदय, इसके लिए जो कदम उठाए गए हैं, उनमें मछुआरों को संवेदनशील बनाने के लिए नियमित रूप से सामुदायिक सम्पर्क कार्यक्रम चलाए जाते हैं। ये इसलिए चलाए जाते हैं, क्योंकि मछुआरे नौकाएं लेकर जाते हैं और चूंकि मछली पकड़ना उनके जीवन-यापन और आय का सबसे बड़ा साधन है, इसलिए इस पर प्रतिबन्ध भी नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए किसी भी परिस्थिति में नियमों का उल्लंघन न हो, अवैध काम न हो, इसके लिए उनके अवेयरनेस के लिए हम कार्यक्रम चलाते हैं।

महोदय, 20 मीटर से अधिक बड़े जहाजों के लिए स्वचालित पहचान प्रणाली अनिवार्य की गयी है। प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत मत्स्यपालन विभाग द्वारा मछली पकड़ने वाली 20 मीटर से कम लम्बी नौकाओं पर 1 लाख ट्रांसपॉण्डर्स भी लगाए गए हैं। मछली पकड़ने वाली नौकाओं की राज्यवार कलर कोडिंग की गयी है, जिससे आसानी से पहचानी जा सकें और उन्हें जितनी अनुमति दी जाती है, वे उस सीमा को पार न कर सकें।

(1120/GG/PS)

मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य पालन जहाज़ों के आंकड़ों की केंद्रीय रजिस्ट्री का रखरखाव किया जा रहा है। महोदय, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन विभाग द्वारा मछुआरों को आधार कार्ड जारी किए गए हैं। अंतर एजेंसी समन्वय एवं सूचना इत्यादि की सुवधि नियमित और निर्बाध का प्रदान करते हैं।

महोदय, उन्होंने उपलब्धियों के विषय में पूछा है कि उपलब्धि क्या है। तटीय सुरक्षा के तहत और जब जहाज़ों को या नौकाओं की बात हम अगर करते हैं तो उसमें जो हमारी उपलब्धियां हैं, उनको जब हम देखते हैं तो किस प्रकार से उसके परिणाम आए हैं कि जो नशीले पदार्थ होते हैं, वर्ष 2003 से 2013 के बीच मात्र 257 केजी जब्त किए गए थे, वहीं वर्ष 2014-2024 के बीच में यह जब्ती बढ़ कर 12,617 केजी हो गयी हैं। जो लगभग 400 से भी ज्यादा प्रतिशत अधिक की जब्ती हुई है। प्रतिबंधित सामान जो सात हज़ार केजी जब्त किए गए थे, वे प्रतिबंधित सामान वर्ष 2014 से 2024 के बीच में 4,15,264 केजी यानि 500 गुना से भी ज्यादा उसमें वृद्धि हुई है। अवैध मानव प्रवासी, इसका आंकड़ा नहीं है, लेकिन जो जानकारियां प्राप्त हुई हैं कि पहले न के बराबर था, वहीं हाल के वर्षों में अवैध मानव प्रवासी 319 पकड़े गए हैं। विदेशी मछुआरों की नावें, जो वर्ष 2003 से 2013 तक 623 पकड़ी गई थीं, वर्ष 2014-2024 के बीच में मात्र 200 पकड़ी गईं हैं, यानि 67 प्रतिशत की कमी आई है। यह दर्शाता है कि हमारी चौकसी कितनी मज़बूत है। साथ ही, तस्करी न हो और कोई भी उल्लंघन, जहाज़ या नौकाएं न करें, इस पर हम कितना काम कर रहे हैं। पोचर्स, जिनकी संख्या वर्ष 2003-2013 के बीच में 5577 थी, उन पोचर्स की संख्या अब कम हो कर 1567 गई है, इसमें 72 प्रतिशत की कमी आई है। यानि कि हमारी निगरानी का और तत्परता का परिणाम है कि वहां हम इस प्रकार की अवैध तस्करी को या किसी प्रकार की तस्करी को हम रोकते हैं।

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : सर, मंत्री जी के जवाब से पता चलता है कि कैसे हमारी होम मिनिस्ट्री और बाकी मंत्रालय एक साथ इस तस्करी को रोकने के लिए काम कर रहे हैं। मेरा एक स्पेसिफिक क्वेश्चन है कि पश्चिम बंगाल और बंगलादेश के बीच के जो सुंदरबन डेल्टा क्षेत्र है तथा तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच जो पाक जलडमरूमध्य का क्षेत्र है, उसमें कुछ अवैध गतिविधियां चलती जा रही हैं, ऐसा भी कभी-कभी न्यूज़ में देखने को मिलता है। इसको रोकने के लिए मंत्री जी के पास कोई जवाब है तो सदन को बताने की कृपा करें।

श्री नित्यानन्द राय : महोदय, जितने तंत्रों की जानकारी हमने की है और जिस प्रकार की निगरानी की बात है, चाहे वह पश्चिम बंगाल की सीमा में किसी समुद्री मार्ग से आता हो, या देश के किसी भी हिस्से में समुद्री मार्ग से आता हो, हम उस पर पूरी निगरानी रखते हैं। हमने इनके पहले प्रश्न के जवाब में जो विस्तृत उत्तर दिया है, उस प्रश्न का उत्तर उसमें है। हम यह जरूर बताना चाहेंगे कि पश्चिम बंगाल की तटीय सीमा की अच्छे से निगरानी की जा सके, इसके लिए पश्चिम बंगाल को भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 18 नावें स्वीकृत की हैं ताकि हम उसकी निगरानी को सुनिश्चित कर सकें। लेकिन थोड़ा अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि जो 18 नावें पश्चिम बंगाल को दी गई थीं, क्योंकि तटीय सुरक्षा में राज्य भी एक अंग है और राज्य भी अपने संसाधनों का उपयोग करता है।

(1125/MY/SMN)

उसमें हम पुलिस स्टेशन की व्यवस्था में भी सहयोग करते हैं। हमने 18 नाव दी हैं, लेकिन उनमें से एक भी नाव ऑपरेशनल नहीं है। हम माननीय सदस्य को इतना जरूर बताना चाहेंगे कि तटीय सुरक्षा की हमारी जो त्रिस्तरीय व्यवस्था है, उसमें हम अवैध तस्करों को भी रोके हैं, उन्हें पकड़े हैं और उन पर कार्रवाई करते हैं।

श्रीमती कमलेश जांगड़े (जांजगीर-चांपा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2014 से अब तक देश के किसी भी तटीय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा हुई है, जिसमें केंद्र सरकार ने तत्काल समाधान किया है। इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री, माननीय गृह मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से जानना चाहती हूं और माननीय मंत्री जी से मेरा प्रश्न है कि राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के समय प्रणाली को मजबूत करने के लिए सरकार ने कौन-कौन सी नीतियां बनाई है?

श्री नित्यानन्द राय: महोदय, एक अच्छी व्यवस्था शुरू की गई है कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी, शायद माननीय सदस्य एनएसीपी के विषय में जानना चाह रही है, इसकी स्थापना की मंजूरी दी गई। अभी इसके कार्य प्रगति पर है। यह मत्स्य अनुसंधान केंद्र, नोखा जिला देवभूमि द्वारका, गुजरात में एक अस्थायी परिसर में चल रहा है। 29 अक्टूबर, 2018 से यह कार्यरत है। माननीय गृह मंत्री जी ने 20.05.2023 को देवभूमि द्वारका, गुजरात में एनएसीपी की स्थायी परिसर की आधारशीला रखी थी। दिनांक 27.07.2022 को डीआईबी द्वारा 441 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में उस परिसर का निर्माण कार्य चल रहा है। जैसे मिट्टी भरना, सीमा की दीवार, 120 पुरुषों के लिए बैरक, उसमें टाइप-5 क्वार्टर, टाइप-4 क्वार्टर, टाइप-3 क्वार्टर, टाइप-2 क्वार्टर और हेलिपैड का कार्य पूरा हो गया है। इस तरह से अगर हम पूरा देखें तो वहां 45 परसेंट कार्य पूरा हो गया है। बाकी कार्य प्रगति पर है।

महोदय, एनएसीपी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र में तटीय पुलिस, कस्टम, सीआईएसएफ और बीएसएफ के कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए पोर्ट ब्लेयर में भी दस सप्ताह का मरीन पुलिस फाउंडेशन कोर्स दिया जाता है। चूंकि माननीय सदस्या ने उस संबंध में प्रश्न पूछी है। इस प्रकार से हमने कोच्चि में भी कई प्रकार की व्यवस्था की है।

महोदय, उसमें हम प्रशिक्षण का कार्य देते हैं। कई तटीय सुरक्षा से संबंधित जितने भी स्टेकहोल्डर्स हैं और जितनी भी फोर्स हैं, उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।... (व्यवधान) अभी उसका निर्माण कार्य तत्परता के साथ चल रहा है, जिसे पूरी की जाएगी।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य महुआ मोइत्रा जी।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सीनियर मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट भी इस तरह से बातें करते रहते हैं।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: गौरव गोगोई जी।

श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) : धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। यह सवाल बहुत ही महत्वपूर्ण है। जैसे कि आदरणीय मंत्री महोदय ने कहा कि समुद्र के तट से जो नशीले पदार्थ आ रहे हैं, उसमें हम अरेस्ट कर रहे हैं। इन्होंने जितने नशीले पदार्थ पकड़े हैं, अगर के.जी. की तुलना में देखें तो लगभग 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बहुत खतरा है। हम अपेक्षा करते थे कि हमारे सीनियर होम मिनिस्टर यहां पर रहते। मेरा सवाल यही है कि यह जो अरेस्ट कर

रहे हैं, उसमें के.जी. के हिसाब से 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसे हम दो नजरीये से देख सकते हैं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपका प्रश्न क्या है?

श्री गौरव गोगोई **(**जोरहाट**) :** महोदय, इतने अरेस्ट होने के बावजूद भी ड्रग्स ट्रेड में वृद्धि हो रही है। (1130/CP/RP)

मैं इतना जानना चाहूंगा कि नशीले पदार्थों के सिलसिले में इन्होंने कितने लोगों को अरेस्ट किया, किन प्रोविजन्स के तहत अरेस्ट किया और क्या उनको जमानत दी है? मैं यह चीज इनसे जानना चाहता हूं कि किन लोगों को और कितने लोगों को इन्होंने अरेस्ट किया?

माननीय अध्यक्ष : नशा मुक्ति के लिए सभी माननीय सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में एक बड़ा, व्यापक और गम्भीर अभियान चलाना चाहिए। यह सामाजिक आंदोलन से ही समाप्त होगा। इसको समाप्त करना ही चाहिए, यह हमारा संकल्प होना चाहिए।

माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

श्री नित्यानन्द राय : महोदय, मैं सबसे पहले माननीय सदस्य से कहना चाहूंगा कि अगर 400-500 गुना जब्ती में बढ़ोतरी हुई है तो इसका मतलब यह है कि मादक पदार्थों को भारत की सीमा के अंतर्गत लाकर भारत के भविष्य को समाप्त करने की जो साजिश हो रही थी, उस पर तत्परता से काम किया गया है। पहले जब्ती इसलिए कम होती थी कि कोई ऐसा तंत्र डेवलप नहीं था कि हम जब्ती कर सकें या तस्करों को गिरफ्तार करके कानून के तहत जेल में डाल सकें। हम माननीय सदस्य को आंकड़े बता देंगे। कितना जब्ती हुआ, वह तो बताया ही है। कितने तस्कर पकड़े गए हैं और कितनों पर कार्रवाई है, वह बता देंगे।… (व्यवधान)

महोदय, जहां तक नशीले पदार्थों के रोकथाम का लक्ष्य, यह भारतीय युवाओं में न आए, किसी उम्र के लोगों में न आए, बच्चों में भी न आए, इसके लिए भारत सरकार के कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के गृह मंत्रालय और बहुत सारे मंत्रालयों ने कोआर्डिनेशन करके, मादक पदार्थों का उपयोग न हो, इसके लिए अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया जाता है।… (व्यवधान) लत को छुड़ाने के लिए कई सेंटर्स चलाए जाते हैं।… (व्यवधान) भारत सरकार के अंतर्गत एनसीबी संस्थायें हैं, उसके इन्फ्रास्ट्रक्चर को पूरे देश में फैलाकर इसके तंत्र को इतना मजबूत कर रहे हैं कि मादक पदार्थों की तस्करी को कम कर सकें। माननीय गोगोई जी समझिए कि ज्यादा जब्ती का मतलब यह है कि आपके जमाने में छूट थी, हमारे जमाने में कार्रवाई होती है। … (व्यवधान) इसके कारण ही हम 400-500 प्रतिशत बढ़ गए हैं। … (व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, an area up to eight nautical miles from the sea coast remains under the control of the State Government, and beyond that limit the area falls under the control of the Central Government. So, up to eight nautical miles, it is the responsibility of the State Government, and beyond that it is under the Central Government.

The coastal police are appointed by the State Government to look after these eight nautical miles from the sea coast. Have you given them any training? You are talking about giving aid and help to the local police stations. How much help have you given to them? How many times is the training being imparted to them? What is your responsibility to be discharged after these eight nautical miles in sea? That is your responsibility. If there is any illegal thing happening beyond those eight nautical miles in the sea, it is the responsibility of the Central Government, not the State Government.

श्री नित्यानन्द राय : महोदय, किसी का कार्य क्षेत्र कितने नॉटिकल माइल्स तक हो, वह अलग विषय है। इसमें स्टेट और सेंटर दोनों कोऑर्डिनेशन एक साथ मिलकर, जैसे भूमि तो राज्य की है, कुछ सीमा तक पानी राज्य का है, लेकिन जब देश की सुरक्षा का सवाल उठता है तो हम भूमि पर भी कोआर्डिनशन करते हैं। पानी किसी के भी क्षेत्राधिकार में हो, हम कोऑर्डिनेशन के साथ तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध हैं।

दूसरा, तटीय पुलिस राज्य का सब्जेक्ट होता है। हम पहले भी बता चुके हैं कि तटीय पुलिस स्टेशनों के लिए माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार में गृह मंत्रालय के अंतर्गत जब हम इस प्रकार से काम करते हैं तो निश्चित रूप से उसमें सफलता भी मिलती है।

(1135/SK/VR)

माननीय मोदी जी का संकल्प है कि पूरे देश का एक-एक इंच देश के लोगों का है, भारत का है। संप्रुभता में, जिसका भी समन्वय करना हो, जिसका भी सहयोग लेना हो, हमारी सरकार हर क्षेत्र, चाहे तटीय सुरक्षा हो, भूमि सीमा की सुरक्षा हो या पानी की सीमा की सुरक्षा हो, को सुनिश्चित किया है। यह आप सबको अवगत होना चाहिए।

जहां तक माननीय सदस्य ने प्रशिक्षण के बारे में पूछा है कि अभी तक क्या किया गया है? दस वर्षों में प्रशिक्षण के लिए बहुत कदम उठाए गए हैं और केंद्र सरकार तटीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में जो संस्था बनी है, उसके माध्यम से हम प्रशिक्षण देते हैं। तटीय सीमा पुलिस, सीआईएसएफ और डीएसएफ के 1700 से अधिक कर्मियों को ओखा में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। संयुक्त तटीय गश्त के दौरान तट रक्षक बल द्वारा ऑन जॉब प्रशिक्षण दिया जाता है। सितंबर, 2024 तक 2400 से अधिक क्लासरूम इंस्ट्रक्शन के माध्यम से 7000 से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

महोदय, हम प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाते हैं। राज्य प्रशिक्षण तटीय पुलिस को देते हैं और इसके लिए कई एसओपी दिए गए हैं। हम एसओपी के माध्यम से प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं। जब भी जरूरत होती है तो विशेष रूप से हम प्रशिक्षण अभियान चलाते हैं।

(इति)

(Q.303)

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): Sir, I have gone through the Statement laid before the House. No doubt, measures are being taken by the Government to reduce soil degradation in the country. But as a son of an agriculturist, I think that measures taken are not at all adequate to resolve this grave problem. Therefore, I am worrying about it.

Yes, the Indian Council of Agricultural Research (ICAR) is doing a good job. There are many international organizations under the United Nations like, Food and Agriculture Organization, then there is International Centre for Agricultural Research in Dry Areas, International Livestock Research Centre, etc. I came to know that a lot of research work is being done in these organizations across the world to address the issue of soil degradation.

I would like to know from the hon. Minister whether there is any coordination between the Government of India and these research organizations world over. If it is so, what measures are being taken in coordination with these international organizations?

श्री शिवराज सिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष, मैं माननीय सदस्य ए. राजा जी को धन्यवाद देता हूं और आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा है।

भारत की हजारों वर्षों से सोच है कि एक ही चेतना समस्त जड़ एवं चेतन में है। मनुष्यों, प्राणियों, जीव-जन्तुओं, पेड़-पौधों, नदियों, समुद्रों, पहाड़ों, ग्रह, नक्षत्र और तारों में एक ही चेतना है इसलिए हम भूमि को, धरती को मां मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं। हमारी धरती, हमारी मिट्टी, नदी, समुद्र, जंगल, जीव-जंतु और मनुष्य, सबका जीवन एक गहरे धागे से गुंथा हुआ है। अगर सही तरीके से मिट्टी का प्रबंधन नहीं होगा, मिट्टी के प्रबंधन के साथ संरक्षण का काम नहीं किया जाएगा तो निश्चित तौर पर आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व पर ही संकट पैदा हो जाएगा इसलिए भारत सरकार ने भूमि के क्षरण की गंभीरता को समझा है।

मैं माननीय सदस्य को आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि इसरो ने समय-समय पर अध्ययन किए हैं। वाटर इरोज़न, विंड इरोज़न, लवणीयता, क्षारीयता, वाटर लॉगिंग और मानवीय गतिविधियों के कारण लगातार क्षरण हो रहा है।

(1140/MK/SAN)

इसको रोकने के लिए भारत सरकार जो उपाय कर रही है, मैं उसके बारे में सदन को बताना चाहता हूं। भारत सरकार ने वर्ष 2014 से, जबसे इधर की सरकार सत्ता में आई है, मिट्टी की सुरक्षा के लिए एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन प्रभावी योजनाओं को प्रारंभ किया है। हमारी एक स्वॉयल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना है। इसका कुल बजट 1,341 करोड़ 95 लाख रुपये है। इसमें 24 करोड़ 60 लाख स्वॉयल हेल्थ कार्ड बनाए गए हैं। मिट्टी के परीक्षण के बाद किसान फर्टिलाइजर का संतुलित

उपयोग कर सकता है, वह पोषक तत्वों की स्थिति जान सकता है और वह कौन-सी फसल लगाए, वह जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए जागरूकता पैदा करने के लिए 7 लाख डेमोन्सट्रेशन किए गए हैं। 93,781 किसानों को ट्रेनिंग दी गई है। 7,425 किसान मेले आयोजित किए गए हैं। 'आत्मा' और 'केवीके' के माध्यम से किसानों को सलाह दी गई है। जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 70,002 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया है। हमारा स्कूल स्वॉयल हेल्थ प्रोग्राम भी है। 1,020 स्कूलों में स्वॉयल लैब स्थापित की गई है। 1,25,532 बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया है।

महोदय, परंपरागत कृषि विकास योजना हमारा दूसरा कदम है। इसके अंतर्गत मिट्टी में जैविक कार्बन के सुधार के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं और इस योजना के अंतर्गत किसानों को जैविक इनपुट्स के लिए प्रति हेक्टेयर 15,000 रुपये की सहायता तीन वर्षों की अवधि के लिए डीबीटी के माध्यम से देने का काम किया जाता है।

अध्यक्ष महोदय, पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट प्रारंभ किया गया है, जिसमें 100 परसेंट वित्त पोषण भारत सरकार के द्वारा किया जाता है। जो सारे उपाय किए गए हैं, उसके साथ-साथ अभी भारत सरकार ने 'प्राकृतिक खेती मिशन' को लांच किया है, जिसके कारण हम कैमिकल फर्टिलाइजर के असंतुलित और अनियंत्रित उपयोग को रोकते हुए नैचुरल फॉर्मिंग की तरफ बढ़ेंगे। इसके अलावा भारत सरकार के जो अनेकों विभाग हैं, वाटर शेड मैनेजमेंट का काम ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा किया जाता है। इन सारे प्रयत्नों के कारण जो नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल की स्टडी है, उसमें खुलासा हुआ है कि रसायनिक उर्वरकों के उपयोग में 8 से लेकर 10 परसेंट की कमी आई है। ... (व्यवधान) उसके साथ-साथ हमने डिजिटल कृषि मिशन के तहत 'राष्ट्रीय मृदा मानचित्रण कार्यक्रम' को 1:10,000 पैमाने पर, इसका मतलब दो सैंपल के बीच की दूरी 100 मीटर होगी। वह सैंपल लेने का काम भी हमने किया, जो पहले 500 मीटर थी। इसके अंतर्गत हम कुल कृषि भूमि 142 बिलियन हेक्टेयर्स का पूरा का पूरा परीक्षण करेंगे। 30 मिलियन हेक्टेयर्स का हो चुका है।

अध्यक्ष महोदय, स्वॉयल मैपिंग के जो लैब्स होंगे, उनसे मृदा के संरक्षण की जानकारी मिलेगी, पोषक तत्वों की उपलब्धता कितनी है, उसके बारे में पता चलेगा, जलधारण क्षमता का सटीक आकलन होगा, भूमि का बेहतर उपयोग और प्रबंधन किया जाएगा, किसान नीति-निर्माताओं और शैक्षिक संस्थानों तथा शोधकर्ताओं को नीति-निर्माण के लिए यह डाटा उपलब्ध होगा।

अध्यक्ष महोदय, आईसीएआर ने जो काम किए हैं, उसने जिप्सम आधारित तकनीक का प्रयोग करके 2.2 बिलियन हेक्टेयर्स जमीन को री-क्लेम्ड करने का काम किया है। जल संरक्षण का काम 27,000 हेक्टेयर्स में हुआ है। ... (व्यवधान) सॉल्टी लैंड रीक्लेमेशन का काम 75,000 हेक्टेयर्स में हुआ है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, थोड़ा संक्षेप में बताइए।

श्री शिवराज सिंह चौहान : अध्यक्ष महोदय, मैं विस्तार से बता रहा था कि हम क्या-क्या उपाय कर रहे हैं। इस तरह से ये सारे उपाय किए जा रहे हैं। इसके अलावा आईसीएआर ने चावल की 16 विशेष बीजों की किस्में, जो सॉल्टी भूमि के लिए है, वह विकसित की हैं। गेहूँ की पाँच, सरसों की आठ और

चने की एक बीज विकसित की गई है। मिट्टी और जल संरक्षण के क्षेत्र में सरकार लगातार काम कर रही है।

(1145/SJN/SNT)

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): Sir, my specific question was something else. Though it not yet answered, I have to register it in the House. I asked if there is any international protocol under the United Nations. It was not answered. Please try to answer it later.

My second question is this. Land is a State subject; agriculture is a State subject. This country is an agricultural country. What type of coordination are you extending to the State Governments? Are you ready to start laboratories in the regional areas to facilitate the State Governments? All the State Governments cannot be expected to have it. The State of Tamil Nadu has it. The other State Governments may not have such scientific equipment. Is there any exclusive or special programme to establish laboratories at regional level, which can be given to State Governments with financial assistance to the States?

Thank you, Sir.

श्री शिवराज सिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष महोदय, कृषि राज्य का विषय है, ऐसा विद्वान माननीय सदस्य कह रहे हैं। यह बात सच है। मैं अभी जिन योजनाओं के बारे में बता रहा था, केन्द्र सरकार इन सब योजनाओं को राज्य सरकारों के सहयोग से ही लागू करती है। अगर हम स्वॉयल हेल्थ के लिए लैब बनाते हैं, तो राज्य सरकारों के सहयोग से ही बनाते हैं। उनके साथ ही बनाते हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, आईसीएआर अनेकों अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से समन्वय का काम भी कर रहा है। उसमें आईसीआरआई, एसएटी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं भी हैं, जिनके साथ इस क्षेत्र में लगातार समन्वय के साथ काम हो रहा है।

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, जहां से मंत्री जी ने शुरू किया है, मैं वहीं से शुरू करता है। “सब आए एक देश से, उतरे एक ही घाट, अजब आए इस मिट्टी में, तो कर दी बंदर बांट”।

माननीय मंत्री जी मेरा सवाल है कि आपने उसी मिट्टी की रख-रखाव की चिंता की है, यह अच्छी बात है। जितनी भी फैक्ट्रियां हैं, उनके यहां से निकली हुई राख से खाद बनाई जा रही है। उस खाद की गुणवत्ता कितनी है, इस पर आपके पास क्या तकनीकी है या क्या तंत्र है? मेरे संसदीय क्षेत्र में तो खाद गायब है। पूरे देवरिया और बलिया जनपद में यूरिया और डीएपी नहीं है, लेकिन उस राख से बनाई जाने वाली खाद की वजह से, जो कि भूमि को गुणवत्ता को खराब कर रही है, आप उस पर क्या कार्रवाई कर रहे हैं?

श्री शिवराज सिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष महोदय, "आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास"।

मिट्टी के क्षरण को रोकने की बात है, लेकिन फिर भी मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहता हूं कि ये जो जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के सारे प्रयत्न (स्वॉयल हेल्थ कार्ड) हैं, ये सारे प्रयत्न इसलिए हैं कि मिट्टी किस प्रकार की है, उसमें किन पोषक तत्वों की कमी है, कौन-सी खाद डैमेज है, उन पोषक तत्वों की आपूर्ति होगी, ये सारे कार्यक्रम सरकार चला रही है। अभी मैंने अपना उत्तर प्रारंभ करते समय उनका विवरण भी दिया था।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे किसानों से जुड़े हुए मुद्दे पर सप्लीमेंट्री सवाल पूछने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश भर में किसानों के लिए मोदी जी की सरकार की ओर से अनेक लाभकारी योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने उन लाभकारी योजनाओं को लागू नहीं होने दिया है। मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या केन्द्रीय कृषि मंत्रालय दिल्ली में भी रासायनिक खाद की जगह जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर अमल कर रहा है? क्या दिल्ली में भी जैविक खाद का इस्तमोल करने वाले किसानों को किसी किस्म का प्रोत्साहन दिया जा रहा है? यदि ऐसी कोई योजना लागू की गई है, तो उसका विवरण क्या है?

श्री शिवराज सिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार राज्य सरकारों के सहयोग से ही अपनी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का काम करती है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली की सरकार कई योजनाओं का लाभ नहीं उठा रही है। उसके कारण किसानों को कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जहां तक जैविक खाद के उपयोग का प्रश्न है, जो किसान जैविक खाद से जैविक खेती करता है, हम सीधे उन किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित करते है, उनके खाते में सीधे पैसा डालते हैं।

(1150/SPS/AK)

दिल्ली में भी हम जैविक खेती करने वाले किसानों का पूरा सहयोग करेंगे और पूरी मदद करेंगे। मैं दिल्ली सरकार से यह अनुरोध करता हूं कि वहां भी किसानों की कल्याणकारी योजनाएं लागू हों। दिल्ली के आस-पास कृषि योग्य भूमि है और किसान हैं, तो उनके हित में योजनाएं लागू करने का काम करें।

(इति)

(Q. 304)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, GST is applicable on goods and services marketed by all cooperative societies, but non-application of GST to cooperative sector is very important as it will help in a big way to improve their profitability. Ultimately, it will help to ensure the livelihood of lakhs and lakhs of poor people like artisans, craftsmen, weavers, etc. employed in this sector.

I want to know this from the hon. Minister. Would the Government of India make any comprehensive study for better viability and to retrieve the ailing industries?

श्री मुरलीधर मोहोल : माननीय अध्यक्ष महोदय, सहकार से जुड़ी वस्तु एवं सेवाओं पर जीएसटी में वृद्धि, कमी अथवा छूट देने का मुद्दा जीएसटी कांउसिल के अधिकार में आता है, जिसमें प्रत्येक राज्य में एक मंत्री काउंसिल का सदस्य भी होता है। मेरा यह अनुरोध है कि माननीय सदस्य अपने राज्य सरकार के नामित मंत्री के माध्यम से जीएसटी काउंसिल में यह विषय उठा सकते हैं, क्योंकि यह जीएसटी काउंसिल तय करती है। हम केवल कोऑर्डिनेशन का काम कर सकते हैं, जिससे केन्द्र और राज्य के सम्मिलित प्रयास से इस मुद्दे पर जीएसटी काउंसिल में चर्चा करके कार्रवाई की जा सकती है।

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, contribution of cooperative societies are very high in terms of employment. According to estimates, by 2030 the cooperative sector in India is capable of providing 11 crore jobs and its share in GDP will be up to five per cent. Thus, this sector needs substantial support in order to abolish poverty.

Recently, the Minister of Cooperation from Tamil Nadu met the hon. Home Minister, hon. Amit Shah ji and requested for exemption of GST for cooperative societies. Has the Ministry of Home Affairs recommended this matter to the Finance Ministry? If so, what is the outcome of it?

श्री मुरलीधर मोहोल : माननीय अध्यक्ष महोदय, … (व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, the hon. Home Minister is here. He should reply to it. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : राज्य मंत्री भी जवाब दे सकते हैं। सब को नियमों और प्रक्रियाओं में व्यवस्था है।

श्री मुरलीधर मोहोल : माननीय अध्यक्ष महोदय, तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री ने जो निवेदन किया था, उस पर ही चर्चा की है। उसमें से कुछ पॉइंट्स यहां पर उसमें आए हैं और उसी के तहत आपने मुद्दा उठाया था। उसमें एक मुद्दा जीएसटी का भी था, जिस पर मैंने यहां जवाब दिया है। बाकी जो चीजें हैं, उन पर विस्तृत रूप से आपके तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री से एक बार बात करके, उनके साथ बैठकर उनके जो मुद्दे हैं, उन पर काम करेंगे।

श्रीमती सुप्रिया सुले (बारामती) : सर, रिप्लाई में पेज नंबर 8 और 9 पर जो लिखा है, उसमें सर ने कहा है कि एनसीडीसी का जो फण्ड आता है, वह कोऑपरेटिव शुगर मिल्स को भी दिया जाता है। यह उन्होंने रिप्लाई में कहा है। बहुत सारी कोऑपरेटिव मिल्स महाराष्ट्र में भी हैं। एनसीडीसी से पैसा महाराष्ट्र जरूर जाता है और केन्द्र सरकार पैसा भेज देती है। महाराष्ट्र सरकार या किसी भी राज्य सरकार को उसमें अधिकार होता है। रावसाहेब घोडगंगा कारखाना या राजगढ़ शुगर फैक्ट्री को यहां से पैसा अप्रूव होकर गया है, लेकिन स्टेट

गवर्नमेंट ने आगे नहीं दिया है। इस मामले में सरकार क्या करेगी? उनको फिर कोर्ट जाना पड़ता है। केन्द्र सरकार तो पैसा दे रही है, लेकिन महाराष्ट्र सरकार या कोई राज्य सरकार डिस्बर्समेंट नहीं कर रही है। इस पर यह सरकार क्या एक्शन लेगी? यह उन्होंने अपने रिप्लाई में पेज नंबर 8 और 9 पर कहा है।

(1155/MM/UB)

श्री मुरलीधर मोहोल : माननीय अध्यक्ष महोदय, एनसीडीसी के माध्यम से दो तरह से चीनी मिलों को अर्थ सहायता दी जाती है, एक तो सीधे एनसीडीसी के माध्यम से भी हम दे सकते हैं और दूसरा है कि राज्य सरकार जिसकी गारंटी लेती है, ऐसी कुछ चीनी मिलों को हम राज्य सरकार के द्वारा यहां अनुदान और सहायता देते हैं। माननीय सदस्या ने जो शंका व्यक्त की है और जो मुद्दा रखा है, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि हम राज्य सरकार को यहां से मदद करते हैं और राज्य सरकार की नीति होती है और उनके पास जो प्रस्ताव आते हैं, उनको वह देते हैं। अगर ऐसा कुछ हुआ है कि हमने यहां से दिया है, वहां नहीं मिला है तो बिलकुल उसकी जांच होगी और सहायता की जाएगी। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि पूरे महाराष्ट्र में चीनी मिलों के लिए तकरीबन चार हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सहायता दी गयी है, इसमें कोई पार्टी और दल नहीं देखा जाता है। इसमें चीनी मिलों को सहायता देने की भूमिका होती है। महाराष्ट्र में सहाकारिता बहुत बड़ी है तकरीबन 60-70 परसेंट जनसंख्या सहकारिता से जुड़ी हुई है। सहकारिता से समृद्धि के मंत्र पर हम आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व और माननीय अमित भाई जी के नेतृत्व में हम काम कर रहे हैं। पार्टी और दल से ऊपर उठकर, हर किसी की मदद करने की हमारी भूमिका है। मैं इस पर ध्यान रखूंगा।

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे (मावल) : माननीय अध्यक्ष महोदय, सहकारी क्षेत्र महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा है। देश भर में सहकारिता को बढ़ावा देने हेतु देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की और देश के गृह मंत्री माननीयय अमित भाई शाह जी सहकारिता मंत्री भी हैं, उनके नेतृत्व में यह मंत्रालय काम करता है। केन्द्र सरकार देश भर में सहाकारिता को बढ़ावा देने का काम इस मंत्रालय के माध्यम से करती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि सहकारिता मंत्रालय के प्रयास से प्राथमिक कृषि सहकारी समिति और प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के क्रेडिट डिपोजिट एवं कैश लोन की सीमा में वृद्धि होगी या नहीं?

श्री मुरलीधर मोहोल : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में सहकारिता समृद्धि के विजन को प्राप्त करने के लिए हमारे सहकारिता मंत्री माननीय अमित भाई शाह जी के नेतृत्व में, जब से सहकारिता मंत्रालय बना है, सहकारिता क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का इंजन बनाने के लिए पिछले तीन साल में कई बड़े कदम उठाए गए हैं। आप सब जानते हैं कि पैक्स और प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों का ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्थान है।

1158 बजे (श्रीमती संध्या राय पीठासीन हुईं)

इससे छोटे और सीमांत किसान जुड़े हुए हैं। इन सहकारी संस्थाओं में पहले नकद जमा और नकद ऋण की सीमा प्रति सदस्य केवल 20 हजार रुपये थी। इसे बढ़ाकर अब दो लाख रुपये कर दिया गया है। यह कदम इन आर्थिक संस्थाओं के कार्य को सुविधाजनक बनाएगा। इससे उनके व्यवसाय में वृद्धि होगी तथा समितियों के साथ जुड़ा किसान लाभान्वित होगा।

(इति)

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय**) :** क्वैश्चन नंबर 305।

श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव।

(PP.17-30)

(Q.305)

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): Madam, as per the information provided by the Ministry, for the last five years, the percentage share of SEZ exports in relation to the total exports of Odisha has not been very promising. Therefore, my question is, what reforms is the Ministry envisaging to revitalise the SEZs in order to boost exports and convert them into environment-friendly zones?

SHRI JITIN PRASADA: Madam, regarding the increase in exports, I wish to inform the hon. Member that, in the year 2022-23, 30 per cent share of exports was there specifically for Odisha.

(1200/RCP/YSH)

In 2023-24, it was 32 per cent. So, the exports are growing. However, the concern of the Member is that they are not growing in the proportion and the speed that is needed. But about the overall picture as far as India is concerned, I would like to inform, through you, the hon. Member, employment through SEZs, in 2013-14, was 1,28,000 approximately which has reached 31,94,000 in 2023-24. As far as exports are concerned, the value was about Rs. 49,477 crore which has grown seven per cent over the previous year. So, the exports are growing but certain reforms have been taken up and they are in the process where we are easing the issues related to the SEZs. I can tell the Member that regarding the Domestic Tariff Area (DTA), which is outside the SEZ, there is a conflict. But the Government ensures that there is a level playing field between the people within the SEZ and the DTA area. If there is a vacancy of 20 per cent land in the SEZ, we have gone in for a reform where the DTA can be on the 20 per cent of the area of the SEZ. There is single window of clearances, work from home for the IT-related issues of SEZs, and denotification of SEZs has also become simpler. So, these are the reforms that the Government is carrying out.

(ends)

QUESTION HOUR OVER

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के संबंध में विनिर्णय

1201 बजे

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए आज अनुमति प्रदान नहीं की है।

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1202 बजे

माननीय सभापति : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नम्बर – 2, श्री जितिन प्रसाद जी।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI JITIN PRASADA): Madam, with your permission, I beg to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the India Trade Promotion Organisation, New Delhi, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the India Trade Promotion Organisation, New Delhi, for the year 2023-2024.

(2) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Rubber Board, Kottayam, for the year 2023-2024.

(ii) A copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the Rubber Board, Kottayam, for the year 2023-2024, together with audit report thereon.

(iii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Rubber Board, Kottayam, for the year 2023-2024.

(3) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Coffee Board, Bengaluru, for the year 2023-2024.

(ii) A copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the Coffee Board, Bengaluru, for the year 2023-2024, together with audit report thereon.

(iii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Coffee Board, Bengaluru, for the year 2023-2024.

(4) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Indian Diamond Institute, Surat, for the year 2023-2024, alongwith audited accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Indian Diamond Institute, Surat, for the year 2023-2024.

(5) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Gem & Jewellery Export Promotion Council, Mumbai, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Gem & Jewellery Export Promotion Council, Mumbai, for the year 2023-2024.

(6) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the CHEMEXCIL, Mumbai, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the CHEMEXCIL, Mumbai, for the year 2023-2024.

(7) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Indian Institute of Packaging, Mumbai, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Indian Institute of Packaging, Mumbai, for the year 2023-2024.

(8) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the CAPEXIL, Kolkata, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the CAPEXIL, Kolkata, for the year 2023-2024.

(9) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Marine Products Export Development Authority, Kochi, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Marine Products Export Development Authority, Kochi, for the year 2023-2024.

(10) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the PLEXCONCIL, Mumbai, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the PLEXCONCIL, Mumbai, for the year 2023-2024.

(11) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Tea Board, Kolkata, for the year 2023-2024.

(ii) A copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the Tea Board, Kolkata, for the year 2023-2024, together with audit report thereon.

(iii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Tea Board, Kolkata, for the year 2023-2024.

(12) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Spices Board of India, Kochi, for the year 2023-2024.

(ii) A copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the Spices Board of India, Kochi, for the year 2023-2024, together with audit report thereon.

(iii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Spices Board of India, Kochi, for the year 2023-2024.

(13) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the SEEPZ-SEZ Authority, Mumbai, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the SEEPZ-SEZ Authority, Mumbai, for the year 2023-2024.

(14) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Sports Goods Export Promotion Council, New Delhi, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Sports Goods Export Promotion Council, New Delhi, for the year 2023-2024.

(15) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Council for Leather Exports, Chennai, for the year 2023-2024, alongwith Audited Accounts.

श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) : सर, ये जो दो कानून हैं - the Constitution (One Hundred and Twenty-Ninth Amendment) Bill, and the Bill further to amend the Government of Union Territories Act, 1963, the Government of National Capital Territory of Delhi Act, 1991 and the Jammu and Kashmir Reorganisation Act, 2019. ये दोनों कानून संविधान और नागरिकों के वोट देने की जो उनके संवैधानिक अधिकार हैं, उन पर आक्रमण है और हम इसका पुरज़ोर विरोध करते हैं। विरोध का आधार यह है कि सबसे पहले 82(5) में चुनाव आयोग को जो यहां पर ताकत दी गई है कि चुनाव आयोग राष्ट्रपति को अपना एक निर्णय दे सकते हैं कि कब निर्वाचन हो सकता है। इससे पहले कभी चुनाव आयोग की ऐसी ताकत भारत के संविधान के निर्माताओं ने नहीं बनाई है। चुनाव आयोग की क्या सीमाएं है, यह आर्टिकल 324 में है। जहां पर इलेक्शन कमीशन को कैसे सुपरवाइज़ करना चाहिए, कंट्रोल करना चाहिए, इलेक्शन रोल कैसे बनाना चाहिए, बस वहीं तक ही चुनाव आयोग की क्षमताओं की सीमा बनायी गई है। लेकिन इस

संविधान संशोधन ने चुनाव आयोग को असंवैधानिक, गैर कानूनी ताकत दी है। राष्ट्रपति अगर कोई परामर्श लेते हैं तो सिर्फ काउंसिल ऑफ मिनिस्टर से परामर्श लेते हैं। वे कभी भी चुनाव आयोग से परामर्श नहीं लेते हैं। यह एक गैर संवैधानिक ढांचा इन्होंने बनाया है। राष्ट्रपति जी काउंसिल ऑफ मिनस्टिर्स की एडवाइज़ लेते हैं, जो आर्टिकल 74, भारत के संविधान में है या आर्टिकल 356 ऑफ कंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया, वे सिर्फ गवर्नर के रिक्मेंडेशन पर ले सकते हैं। ये पहली बार ऐसा कानून लाए हैं कि राष्ट्रपति अब चुनाव आयोग की रिक्मेंडेशन पर एक निर्णय ले सकते हैं। हम पूरी तरह से इसका विरोध करते हैं। चुनाव आयोग में किस प्रकार से कमिश्नर्स नियुक्त होते हैं, नहीं होते हैं, सुप्रीम कोर्ट की भूमिका रहती है, हटाए जाते हैं, उस पर हम बाद में चर्चा करेंगे। दूसरी बात यह है कि संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर में एग्ज़िक्यूटिव, लेजिस्लेटिव और ज्यूडिशरी के बीच में संतुलन हो, उसका भी विवरण है। आज इस बिल के द्वारा आदरणीय राष्ट्रपति जी को ज्यादा शक्ति दी गई है कि वे अपने सुप्रिटेंडेंट से एक नए आर्टिकल 82(a) के द्वारा अब वे विधान सभाओं को भंग कर सकते हैं। यह एक्सेसिव पॉवर चुनाव आयोग को इस बिल में भी दी गयी है और राष्ट्रपति जी को भी दी गयी है। यहां पर यह मुद्दा उठाया है कि चुनाव आयोग का जो खर्च है, वह कम करना चाहते हैं। चुनाव आयोग ने खुद कबूल किया है कि वर्ष 2014 के चुनावों में कितना पैसा खर्च हुआ – लगभग 3,700 करोड़ रुपये खर्च हुए। इन 3,700 करोड़ रुपये के लिए ऐसा एक गैर संवैधानिक कानून ये लाए हैं। यह पूरी तरीके से तथ्य के खिलाफ है। हम दोबारा कहना चाहते हैं कि संविधान और आर्टिकल-14 एक नागरिक को वोट देने का अधिकार देते हैं। वह जब वोट देता है तो हमारे संविधान में लिखा है कि जो फाइव ईयर टर्म है, आर्टिकल 83(2) में, हाऊस ऑफ पीपल को और आर्टिकल 172(1) में जो फाइफ ईयर टर्म है, उसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं।

(1240/MY/UB)

यह नीति आयोग की एक गलत रिपोर्ट के आधार पर कहना चाहते हैं कि फाइव ईयर टर्म अनिवार्य नहीं है। फाइव ईयर टर्म अनिवार्य है।... (व्यवधान) वे नीति आयोग की रिपोर्ट में नहीं जाए। नीति आयोग कोई संवैधानिक बॉडी नहीं है, जो इस प्रकार का परामर्श दे।... (व्यवधान)

मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा कि दोबारा अगर इनको लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रचार से पूरे भारत के चुनाव को ... (*Expunged as ordered by the Chair*) तो हम यह ... (*Expunged as ordered by the Chair*) नहीं होने देंगे।... (व्यवधान) हम इस बिल का विरोध करते हैं। इस बिल को जेपीसी में भेजा जाए।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैंने कहा है कि आप संक्षेप में अपनी बात रखें। चाहे कोई भी दल हो, वह संक्षेप में अपनी बात रखे। इसके लिए आपको प्रयास करना चाहिए। आप सब ने नोटिस दिया है। नोटिस पर सबका अधिकार बनता है। मैंने आपको एक व्यवस्था दे दी है। पूर्व में भी यह व्यवस्था थी। मैंने आपको बता दिया है कि पूर्व में भी यह व्यवस्था व परंपरा रही है। मैंने आपको हवाला भी दे दिया है कि यह कब-कब हुआ है। आप चाहें तो इसे दोबारा निकाल सकते हैं। एक दल से एक ही व्यक्ति बोले और संक्षिप्त में अपनी बात को कह दें।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: दादा, क्या आपकी पार्टी ने आपको मौका दिया है? आप एक मिनट के लिए चुप रहिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: चंद्रशेखर जी, आप अपनी बात कह दें।

… (व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (DR. CHANDRA SEKHAR PEMMASANI): Sir, I rise today on behalf of the Telugu Desam Party to express our unwavering support for the NDA's 'One Nation, One Election Bill'.

Sir, our Party's guiding force, Shri Nara Chandrababu Naidu ji, has always championed transformative ideas, and is well recognized and respected as a visionary leader. The Telugu Desam Party is deeply committed to nation-building initiatives, such as 'Viksit Bharat 2047', and aims to align them with 'Viksit Andhra 2047', reflecting the true spirit of cooperative federalism and a shared vision for progress and development.

There are several advantages of 'One Nation, One Election', but I would like to quote four. The first advantage is reduced expenditure and logistical efficiency.… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: आप संक्षेप में अपना पक्ष रख दें।

… (व्यवधान)

DR. CHANDRA SEKHAR PEMMASANI: Although the official figures for the 2019 Lok Sabha Elections vary, news reports estimate that the Election Commission of India had spent more than Rs. 6,000 crore. In 2024, the estimated expenditure was more than Rs. 10,000 crore.… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: ओके, माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

DR. CHANDRA SEKHAR PEMMASANI: Sir, please give me two minutes.… (*Interruptions*) The Law Commission's draft report of 2018 and NITI Aayog's report of 2017 estimate that if both the elections are done simultaneously, the cost would reduce at least up to 40 per cent. If the elections are held simultaneously, the voter turn-out would be increased up to seven per cent.… (*Interruptions*) The total estimate of all the parties that spend on these elections is close to Rs. 1 lakh crore. Therefore, if the elections are done simultaneously, it will reduce the expenditure for both the Election Commission of India and for the regional parties. There would be continuity in governance.… (*Interruptions*) In the last six months, elections were held for three State Assemblies. So, how can the machinery continue to operate if the elections are held continuously?… (*Interruptions*)

The fourth advantage and probably the most important, is that, in this era, election campaigns amplified by media and technology no longer remain regional, but continuously influence the entire nation, creating large-scale ripple effects.... (*Interruptions*) This constant political messaging encourages deep polarization.... (*Interruptions*)

Sir, I support the Bill. Thank you!

(1245/RCP/CP)

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Speaker, Sir, I rise to oppose this draconian, unconstitutional Bill. ... (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आपको ओवैसी जी के बाद मौका देंगे।

... (व्यवधान)

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): This Bill violates the right to democratic self-governance which is part of Articles 14 and 19. If a Legislative Assembly is dissolved and mid-term elections are conducted, the tenure of that Assembly will not be for five years. This in itself is a violation of Parliamentary democracy which envisages a tenured legislature.

The Constitutional scheme makes it clear that once elections are conducted, the House should have a right to function for next five years. This is violation of the basic structure that such a provision is being done for administrative convenience, not for Constitutional purpose. The principle of federalism means that the States are not mere appendages of the Centre. States are not dependent on the Union for their existence. This is a violation of federalism.

In conclusion, Parliament is not competent to make any law that violates the Fundamental Rights or the basic structure of the Constitution. This Bill indirectly introduces a Presidential style of democracy. This Bill is based on maximising political gain and convenience. This Bill will finish off the regional parties. This Bill is only brought in to massage the ego of the supreme leader. I oppose this Bill.Thank you, Sir.

श्री अमरा राम (सीकर) : अध्यक्ष महोदय, जो संविधान (129वां संशोधन) विधेयक लाए हैं, मैं और मेरी पार्टी इसका विरोध इसलिए करती है कि यह बिल संविधान और जनतंत्र को खत्म करके ... (*Expunged as ordered by the Chair*) की ओर बढ़ने का नाम है। इससे ज्यादा यह कुछ नहीं है। आप खर्च की बात करते हैं। जिसको चुने हुए एक साल होंगे, उसके चार साल में जनतंत्र की हत्या करने का काम यह संविधान संशोधन बिल करेगा। लोकल बॉडी, पंचायत और नगरपालिकाएं, जो स्टेट गवर्नमेंट की हैं, उनको भी आप लेना चाहते हैं। आप इन्हें इसलिए लेना चाहते हैं कि हमारा ही शासन चलेगा। देश के हर राज्य की जो भिन्न-भिन्न संस्कृति है, भाषा है, उनके अनुसार हमारे देश के संविधान ने उन राज्यों को बनाया है, उनकी विधान सभाएं बनाई हैं, उनके अधिकार हैं। वे सब अधिकार आप इस बिल के माध्यम से यहां लेना

चाहते हैं। केवल और केवल इसलिए कि ... (*Expunged as ordered by the Chair*) और ताकत आप लेना चाहते हैं। ... (व्यवधान) मैं निश्चित रूप से इसका विरोध करता हूं। मान लीजिए कि डीरेल हो गया, कोई फाल्ट हो गया, अगर दो साल बाद सरकार गिर गई, तो तीन साल के लिए चुनाव होंगे, एक साल बच गया तो एक साल के लिए चुनाव होंगे।

माननीय अध्यक्ष : जब डिटेल में चर्चा करेंगे तब बात कर लेंगे।

... (व्यवधान)

श्री अमरा राम (सीकर) : ... (व्यवधान) संविधान पर आपने चर्चा कराई और आज दो दिन बाद उसी संविधान को तहस-नहस करने के लिए आप बिल लेकर आए हैं। हमारी पार्टी इसका विरोध करती है।

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Thank you, Sir. On behalf of the Nationalist Congress Party (SP), I oppose the Constitution (One Hundred and Twenty-Ninth Amendment) Bill. Clearly, most of my colleagues have made three most important points that this is completely against federalism and the Constitution of India. The Centre and the States have their own tenures and terms. So, I think, to mix the two is not fair. Just last week, we debated Article 356. In the case of S.R. Bommai *versus* Union of India, dissolving of Assemblies was something which both sides have objected and both sides have done it. So, if we object to it, why are we giving this authority to the Election Commission to dissolve Assemblies which are elected for five years? So, I think to break these tenures is completely objectionable. India is a Union of States. Cooperative federalism is something which we are so proud of.

So, I request the Government of India either to withdraw the Bill or send it to a Joint Parliamentary Committee so that we have a detailed discussion. We will be happy to support as long as it comes before a Joint Parliament Committee.Thank you, Sir.

(1250/SK/PS)

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्रीकांत जी, आप संक्षिप्त में बोलिए।

... (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : माननीय अध्यक्ष जी, आज मैं अपनी पार्टी शिवसेना की तरफ से बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। ... (व्यवधान)

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य बालू साहब ने कहा कि इसे जेपीसी को दे देना चाहिए। जब संविधान संशोधन कैबिनेट में चर्चा के लिए आया तब माननीय प्रधान मंत्री जी ने स्वयं मंशा व्यक्त की थी कि इसे जेपीसी को देना चाहिए। इस पर विस्तृत चर्चा सभी स्तर पर होनी चाहिए। ... (व्यवधान) मुझे लगता है कि इस पर सदन का ज्यादा समय जाया किये बगैर अगर माननीय मंत्री जी कहते हैं कि इसे जेपीसी को सौंपने के लिए तैयार हैं तो जेपीसी में चर्चा हो जाएगी। जेपीसी की रिपोर्ट के आधार

पर कैबिनेट इसे पारित करेगी फिर इस पर चर्चा होनी ही है। मैं मानता हूं कि माननीय मंत्री जी अगर जेपीसी में इसे देने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो यहीं पर यह चीज समाप्त हो जाएगी।... (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : माननीय अध्यक्ष, यहां जो चर्चा हुई है, इसका जवाब देने के बाद नियम 74 में मैं एप्रोप्रिएट मोशन लाकर जेपीसी के गठन का प्रस्ताव निश्चित रूप से करूंगा। रूल 74 के तहत जेपीसी के गठन का प्रस्ताव है और सरकार की इच्छा भी है।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं सबको बोलने का मौका दूंगा लेकिन आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त करें।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्रीकांत शिंदे जी।

... (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : माननीय अध्यक्ष जी, आज मैं अपनी पार्टी शिवसेना की तरफ से 129वां संविधान संशोधन विधेयक और यूनियन टेरिटरीज़ लॉज़ अमेंडमेंट बिल पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

मैं शिवसेना और हमारे नेता एकनाथ शिंदे जी की तरफ से इस बिल का पूरी तरह से समर्थन करता हूं। ... (व्यवधान) विपक्ष वाले छ: महीने से हर एक मुद्दे को असंवैधानिक बताने की कोशिश कर रहे हैं। ... (व्यवधान) यहां जब रिफार्म शब्द आता है, मुझे लगता है कि कांग्रेस को रिफार्म शब्द से ही एलर्जी है। ... (व्यवधान) यहां सब लोग संविधान की बात कर रहे हैं। ... (व्यवधान) यहां पर हर एक व्यक्ति रुक कर संविधान समझा रहा है। ... (व्यवधान) मैं इनको याद दिलाना चाहता हूं, मैं वर्ष 1975 से शुरू करता हूं।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपका विषय क्या है?

... (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : इंदिरा गांधी जी को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इलैक्शन मैलप्रक्टिस यानी चुनावी भ्रष्टाचार के लिए गिल्टी पाया और छ: साल के लिए डिस्क्वालिफाई कर दिया। ... (व्यवधान) उस जज के साथ कैसा व्यवहार हुआ, यह पूरा देश जानता है।... (व्यवधान) सिर्फ तीन दिन में 39वां संशोधन संशोधन लाकर प्रधान मंत्री, महामहिम राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष को ज्यूडिशियल रीव्यू से बाहर कर दिया। ... (व्यवधान) यह इनका संविधान है।... (व्यवधान) ये फेडरलिज्म की बात करते हैं।

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): Sir, I have a point of order. ... (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज़ बैठ जाएं।

... (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : मैं अपनी बात एक मिनट में खत्म करूंगा।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, नहीं।

... (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : अध्यक्ष महोदय, मैं दो प्वाइंट्स में समझाना चाहूंगा कि यह बिल क्यों जरूरी है। ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सब समझ गए।

एन. के. प्रेमचन्द्रन जी।

... (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : कोविंद समिति गठित हुई, उन्होंने वाइड पब्लिक कन्सलटेशन किया। 47 राजनीतिक दलों ने अपनी राय प्रस्तुत की। … (व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Hon. Speaker, Sir, thank you very much for affording me this opportunity to speak on the introduction of the Bill. … (*Interruptions*) Mr. Speaker, Sir, thank you very much for affording me this opportunity to oppose the introduction of the Bill. … (*Interruptions*)

Sir, on behalf of my Party … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: एक मिनट, माननीय सदस्य आप बोलिए।

… (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : कोविंद समिति की रिपोर्ट है, उन्होंने वाइड पब्लिक कन्सलटेशन किया। 47 राजनीतिक दलों ने अपनी राय प्रस्तुत की जिसमें 32 दलों ने वन नेशन वन इलैक्शन का समर्थन किया। यह दिखाता है कि देश के अधिकांश राजनीतिक दल इस सुधार को आवश्यक मानते हैं। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: एन.के. प्रेमचन्दन जी।

… (व्यवधान)

(1255/SMN/MK)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, on behalf of my Revolutionary Socialist Party (RSP), I vehemently oppose the introduction of the Constitution Amendment Bill on three grounds. I will confine to the legislative competence points. I fully associate with the observations made by Shri Manish Tewari. He has made it very crisply and in a very good sense. I fully associate with the submissions made by Shri Manish Tewari Ji. I have three grounds.

Number one, it attacks the basic root of federalism of the Constitution. Number two, the provisions of the Bill are uncertain and not clear regarding the conduct of elections to the Legislative Assemblies subsequent to the notification making the appointed date.

The third one is that the Statement of Objects and Reasons are not satisfying the contents of the Bill. One more thing is there. That is Article 368. I will elucidate it further.

I will speak fully within the scope. There are drastic structural changes made in the electoral process of the Legislative Assemblies. All the States should have been properly consulted before bringing this legislation. I fully agree with the other learned Members who already cited by virtue of this Bill, if If it is made a law, definitely, the State Legislative Assemblies and the States will become the subordinates to the House of the People and to the Union Government. That is essentially against the basic principles of the federal character.

Sir, see, Article 368. I do agree with the Government. Article 368 does not expressly mention about the Legislatures' consent that is more than half of the Legislative Assemblies' concurrence regarding this provision but I would like to quote a case that is Kihoto Hollohon vs. Zachillhu in 1993. The 52nd Amendment was challenged. The validity of the 52nd Amendment was challenged in the Supreme Court. And the Supreme Court has struck down two paragraphs of this Act passed by the Parliament 52nd Amendment only because of a very technical point. Though there is no explicit provision in Article 368 to have the consent of more than half of the Legislatures, even then the hon. Supreme Court has struck down two paragraphs of 52nd Amendment Bill which is included in the 10th Schedule – disqualification of Members due to defection by virtue of Anti-defection law. So, Sir, the States have to be properly consulted. Federal character is there.

The next ground is practicality. I would like to know this from the hon. Home Minister. You are proposing to have the appointed date on 2029. See the problem. After 2029, about 17 State Assembly elections have to take place. There is nothing in the Bill regarding the tenure of the Legislative Assemblies subsequent to the appointed date by the notification. Nothing is clear.

So, I urge upon the Government to withdraw the Bill.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप सब बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दम दम) : सर, मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर है।

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए। प्वाइंट ऑफ ऑर्डर बाद में लेंगे।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं पहले भी सारी व्यवस्था दे चुका हूं और आप सबको पुरानी परम्परा के बारे में बता चुका हूं। अब माननीय मंत्री जी ने भी यह बता दिया है कि इसके लिए जेपीसी गठित होगी। ऐसा माननीय मंत्री जी ने कह दिया है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जेपीसी के समय व्यापक चर्चा होगी और उसमें सभी दल के सदस्य होंगे। उसमें डिटेल चर्चा होगी। उसके बाद जब बिल आएगा, उस समय आप जितना समय चाहेंगे, उतना समय व्यापक चर्चा के लिए दिया जाएगा। आपको पूरा समय दिया जाएगा। सभी दलों के सदस्यों को समय दिया जाएगा।

… (व्यवधान)

(1300/SJN/RP)

माननीय अध्यक्ष : यह मैं आपसे कह सकता हूं कि जब उस समय यह बिल आएगा, तब डिटेल में चर्चा होगी। सभी माननीय सदस्य, आप जितने दिन चर्चा चाहेंगे, आपको उतने दिनों तक चर्चा करने का समय दिया जाएगा। अब मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि वह अपनी बात रखें। मैं सबको बोलने का मौका दूंगा।

… (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : अध्यक्ष जी, अभी कुछ माननीय सदस्यों ने इस बिल के इंट्रोडक्शन पर अपनी आपत्ति उठाई है, जो विशेष रूप से लेजिस्लेटिव कॉम्पिटेंस से संबंधित है। मैं मेरी बात ज्यादातर लेजिस्लेटिव कॉम्पिटेंसी के विषय पर ही रखना चाहता हूं।

माननीय सदस्यों द्वारा लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 72 में जो वर्णित है – 'विधेयक की पुरःस्थापना का विरोध होने पर प्रक्रिया के तहत' जो आपत्तियां उठाई गई हैं, मैं इस माननीय सदन में उसके बारे में कुछ बातें कहना चाहता हूं।

महोदय, एक विषय आया कि यह अनुच्छेद 368 का उल्लंघन करता है। संविधान में संशोधन करने की जो प्रक्रिया है, अनुच्छेद 368 उसके बारे में बताता है और संसद को शक्ति देता है। ऐसा तो नहीं है, संविधान में ही अनुच्छेद 368 लिखा हुआ है।…(व्यवधान)

उसके बाद एक विषय आया कि जो संविधान का अनुच्छेद 327 है, यह सदन को विधान मंडलों के चुनाव के संबंध में प्रावधान करने का जो अधिकार देता है, आप उसके बारे में क्या कहना चाहते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो संविधान का अनुच्छेद 327 है, यह संसद को विधान मंडलों के चुनाव के संबंध में प्रावधान करने का अधिकार देता है। इसमें कहा गया है कि संविधान के प्रावधानों के अधीन संसद समय-समय पर कानून द्वारा संसद के किसी भी सदन या विधान मंडल के किसी भी सदन के चुनाव से संबंधित मामलों के संबंध में प्रावधान कर सकती है। It is a Constitutional provision. … (*Interruptions*)

महोदय, मैं वही बता रहा हूं। किसी राज्य की मतदाता सूची की तैयारी, निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन और ऐसे सदनों के उचित गठन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक यानी इसमें सभी मामले शामिल हैं। एक साथ चुनाव के उद्देश्य से संवैधानिक संशोधन अधिक सुव्यवस्थित चुनावी प्रक्रिया की आवश्यकता के साथ संघीय स्वायत्तता को संतुलित कर सकते हैं।…(व्यवधान) इस प्रकार अनुच्छेद 83 संसद के सदनों की अवधि और अनुच्छेद 172 राज्यों के विधान मंडलों की अवधि में संशोधन करके चुनाव को एक कानूनी ढांचे के भीतर सिंक्रोनाइज किया जा सकता है, जो संसदीय संप्रभुता को बरकरार रखता है।

राज्य सरकारों की स्वायत्ता (आटोनॉमी) नामक विषय भी आया है। संविधान की 7वीं अनुसूची की यूनियन लिस्ट की इंट्री नंबर 72 में लिखा हुआ है कि election to Parliament, to the Legislature of States, and to the Offices of President and Vice-President, the Election Commission, उसके अनुसार केन्द्र सरकार को शक्ति प्रदान करता है। जो यूनियन लिस्ट है, उसकी एंट्री 72 में लिखा हुआ है। यह संशोधन राज्यों को संविधान प्रदत्त

शक्तियों को न तो कम करता है और न ही छीनता है। यह जो संशोधन है, हम एकदम संविधान सम्मत लेकर आए हैं।

अब बेसिक स्ट्रक्चर नामक विषय आया है। मैं बेसिक स्ट्रक्चर पर दो मिनट बोलना चाहता हूं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती केस में सन् 1973 में इस फेडरल स्ट्रक्चर के बारे में बात की है। उसमें उन्होंने 5-7 बिंदु तय किए हैं। उसके बाद और मामलों में भी कुछ विषय जोड़े हैं, like Judicial Review, federal character of the Constitution, separation of power between Legislature, Executive, and Judiciary; secular character of the Constitution; and supremacy of the Constitution, ये इस बिल में कहीं भी आघात नहीं हो रहे हैं। इसमें कुछ भी नहीं हो रहा है। बेसिक स्ट्रक्चर में कहीं भी कोई छेड़छाड़ नहीं की जा रही है।…(व्यवधान)

अब मैं यह कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने केशवानंद भारती जजमेंट के साथ-साथ वामन राव केस और एल. चंद्र कुमार केस में भी कुछ और विषय जोड़े हैं, लेकिन इससे न तो संसद की शक्ति में कोई कमी आ रही है और न ही विधान सभा को जो शक्ति दी है, उसमें कमी आ रही है।…(व्यवधान)

(1305/SPS/VR)

यहां बाबा साहेब का जिक्र आया और बाबा साहेब के क्वोट का भी जिक्र आया। अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुमति से कहना चाहता हूं कि 4 नंवबर 1948, संविधान सभा में… (व्यवधान) देखिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुझे यह अवसर दिया है कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर इस देश के पहले कानून मंत्री थे और जिस वर्ग से बाबा साहेब आते थे, उसी वर्ग से मैं आ रहा हूं। नरेन्द्र मोदी जी ने यह मुझे बहुत बड़ा अवसर दिया है। मैं यह बात सदन में रख रहा हूं और इसीलिए मैं कह रहा हूं कि संविधान सभा में बहस के दौरान … (व्यवधान) You have already raised your objections. *....(Interruptions)* Now, you have to listen to me. *....(Interruptions).* संविधान सभा में बहस के दौरान 4 नवंबर, 1948 को बाबा साहेब ने कहा कहा था। … (व्यवधान) यह बाबा साहेब का क्वोट है, अनक्वोट नहीं है। संघवाद का मूल सिद्धांत यह है कि विधायिका और कार्यपालिका की सत्ता केन्द्र और राज्यों के बीच केन्द्र द्वारा बनाए गए किसी कानून के द्वारा नहीं, बल्कि संविधान द्वारा ही बटी होती है। यूनियन लिस्ट, स्टेट लिस्ट, कन्करेंट लिस्ट में से किसी भी सूची में कोई संशोधन नहीं कर रहे हैं। हम संघवाद पर कैसे चोट कर रहे हैं? हम कोई चोट नहीं कर रहे हैं।

दूसरी बात बाबा साहेब ने कही थी कि भारतीय संघ राज्यों के बीच किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह बाबा साहेब का क्वोट ही है कि भारतीय संघ राज्यों के बीच किसी समझौते का परिणाम नहीं है, राज्यों को फेडरेशन से अलग होने का अधिकार नहीं है। फेडरेशन एक संघ है और उसका स्वरूप अविनाशी है। उसको कोई नहीं बदल सकता है। यह बाबा साहेब ने कहा था। … (व्यवधान) यह विषय इसमें नहीं है। ये राजनीतिक कारणों से इसका विरोध कर रहे हैं। संसद को अनुच्छेद 327 के तहत लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के चुनावों को एक साथ कराने

के लिए संविधान में उचित संशोधन करने का अधिकार है, जैसा मैंने बताया है। हमने जो आर्टिकल जोड़े हैं... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, जब बात जेपीसी की आ ही गई है तो जेपीसी में डिटेल्ड चर्चा होगी।

माननीय अध्यक्ष : आप कुछ तो बोल दीजिए। इनकी बातों को कुछ तो स्पष्ट कर दें।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, आप सब उनका वक्तव्य सुनिए।

... (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : चूंकि, आपने अवसर दिया है तो हमारे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी को धन्यवाद देना चाहूंगा और एचएलसी में जुड़े हुए सदस्यों का भी धन्यवाद करना चाहूंगा। उसमें गृह मंत्री जी भी थे। उसमें डिटेल्ड डिस्कशन हुआ है, लेकिन ये कह रहे हैं कि यह अचानक आ गया है।

अध्यक्ष जी, वर्ष 1983 से चुनाव आयोग ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लोक सभा और विधान सभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार किया। यह 41 साल से पेंडिंग है। अलग-अलग कमेटीज़ ने भी विचार किया, स्टैंडिंग कमेटी ने भी विचार किया, उसके बाद एचएलसी गठित हुई। ये कह रहे हैं कि दलों से बात नहीं हुई है। 19 जून, वर्ष 2019 को संसद भवन में प्रधान मंत्री जी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई थी। उसमें सभी लोग थे। ... (व्यवधान) उसमें 19 राजनीतिक दलों ने भाग लिया। उसमें 16 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया और तीन राजनीतिक दलों ने विरोध किया। इसका मतलब है कि बहुमत हमारे साथ था।

अध्यक्ष जी, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि आपने केवड़िया में पीठासीन अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। आपको याद होगा। प्रधान मंत्री जी ने केवड़िया, गुजरात में 26 नवंबर, 2020 को 80वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र में भी संबोधन के दौरान एक साथ चुनाव करने की बात रखी थी और आपने उसको डिस्कस किया। सारे स्टेट्स के प्रिसाइडिंग ऑफिसर उससे सहमत थे और आप भी सहमत थे। ... (व्यवधान) स्वीडन, जर्मन, बेल्जियम और कई जगह यह चल भी रहा है। मैं अब जेपीसी पर आ रहा हूं, लेकिन उससे पहले एक बात तो कहना चाहूंगा। यह मामला 41 साल से पेंडिंग था। मैं अपने नेता नरेन्द्र मोदी जी के बारे में एक बात तो कहना चाहूंगा। जो मामला 41 साल से पेंडिंग था, उस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी ने ध्यान दिया, क्या कहा :-

जो निर्णय लेता है सदा देशहित की खातिर जग में
साहस से करता दूर सदा जो बाधा आती मग में,

यह मार्ग है। इलेक्शन का एक प्रोसेस था और 1971 में चक्र टूट गया तो बाधा आ गई।

जो निर्णय लेता है सदा देशहित की खातिर जग में,
साहस से करता दूर सदा जो बाधा आती मग में,
अपना सर्वस्व लगाकर भी अपना कर्त्तव्य निभाता है,
जो नेता दूरदर्शी होता है, वही इतिहास बनाता है।

आज इतिहास बनाने का अवसर आया है। मैं इसे जेपीसी में भेजने का भी प्रस्ताव करता हूं।

With these words, I introduce both the Bills listed at item Nos.18 and 19.

(ends)

(1310/MM/SAN)

श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर) : सर, हमें डिविजन चाहिए। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : डिविजन भी होगा, समय तो आने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप वरिष्ठ सदस्य हैं, प्लीज!

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

… (व्यवधान)

अनेक माननीय सदस्य : सर, हम डिविजन चाहते हैं।

1314 बजे

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, डिविजन।

लॉबीज़ खाली कर दी जाएं-

अब लॉबीज खाली हो गई हैं।

(1315/YSH/SNT)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए।

माननीय सदस्यगण, अगर मतदान होता है तो पहली बार इस सदन में इलेक्ट्रॉनिक मतदान होगा। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि आप सभी एक बार अपनी-अपनी सीट्स पर बैठ जाइए। देसाई जी, प्लीज बैठ जाइए। आप सब अपनी-अपनी सीट पर विराजिए।

आपको प्रक्रिया भी बताई जाएगी। चूँकि पहली बार इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से मतदान हो रहा है। इसलिए माननीय महासचिव जी आपको सारी व्यवस्थाएं बताएंगे और उस व्यवस्था के तहत यह भी बताएंगे कि अगर इलेक्ट्रॉनिक मशीन का बटन गलत दब जाता है तो आप पर्ची से भी अपने मतदान को संशोधित कर सकते हैं। महासचिव जी आपको हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में बताएंगे।

आप पहले महासचिव जी की व्यवस्था को समझ लीजिए। अब आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाकर बैठ जाइए।

महासचिव जी।

ANNOUNCEMENT RE: AUTOMATIC VOTE RECORDING SYSTEM

1317 hours

SECRETARY GENERAL: Kind attention of the hon. Members is invited to the points in the operation of the Automatic Vote Recording System:-

1. Before a Division starts, every hon. Member should occupy his or her own seat and operate the system from that seat only.
2. When the hon. Speaker says "Now Division", the Secretary-General will activate the voting button and a gong sound will be heard simultaneously.
3. For voting, "only" after the sound of the gong; repeat only after the sound of the gong, hon. Members may simultaneously press the "vote secure" button towards the left side of multimedia device on the Headphone plate

   and

   any one of the following buttons fixed on the right side of the Headphone plate:

   Yes : Below Green Colour Sticker
   No : Below Red Colour Sticker
   Abstain : Below Yellow Colour Sticker
4. It is essential to keep both the buttons pressed till another gong is heard.
5. Hon. Members may please note that their votes will not be registered:

(i) If buttons are kept pressed before the first gong; or

(ii) Both buttons are not kept simultaneously pressed till the second gong.

6. Hon. Members can actually "see" the final result after a gap of a few seconds after the second gong.
7. Hon. Members can check their vote on individual result display boards installed on either side of hon. Speaker's Chair, multimedia device and also on the Yes/No/Abstain button, as the case may be.
8. In case vote is not registered or if any Member wishes to change their vote, they may call for voting through slips.

(1320/AK/RAJ)

महासचिव : माननीय सदस्यों का ध्यान स्वचालित मतदान रिकॉर्डिंग प्रणाली का संचालन करने से संबंधित बिंदुओं की ओर आकर्षित किया जाता है:-

1. प्रत्येक माननीय सदस्य को मत-विभाजन आरंभ होने से पूर्व अपना स्थान ग्रहण करना चाहिए और इस प्रणाली का संचालन उस स्थान से ही करना चाहिए।
2. जब माननीय अध्यक्ष 'अब मत-विभाजन' बोलेंगे तो महासचिव मतदान बटन को एक्टिवेट करेंगे और इसके साथ-साथ गौंग की ध्वनि सुनाई देगी।
3. मतदान के लिए "केवल गौंग की ध्वनि के बाद ही; कृपया ध्यान दें कि केवल गौंग की ध्वनि के बाद ही माननीय सदस्य हेडफोन प्लेट पर मल्टीमीडिया डिवाइस के बाईं ओर लगे "वोट सेक्योर" बटन और हेडफोन प्लेट पर दाईं ओर लगे निम्नलिखित बटनों में से कोई एक बटन साथ-साथ दबाएं।

हाँ	:	हरे रंग के स्टिकर के नीचे
नहीं	:	लाल रंग के स्टिकर के नीचे
मतदान में भाग नहीं लेना	:	पीले रंग के स्टिकर के नीचे

4. गौंग ध्वनि दूसरी बार सुनाई देने तक दोनों बटनों को दबाए रखना अनिवार्य है।
5. माननीय सदस्य कृपया नोट करें कि उनके मत दर्ज नहीं होंगे:
   (1) यदि बटनों को पहली गौंग ध्वनि सुनाई देने से पहले दबा दिया जाता है; या
   (2) दोनों बटनों को दूसरी गौंग ध्वनि सुनाई देने तक एक साथ दबाकर नहीं रखा जाता है।
6. माननीय सदस्य दूसरी गौंग ध्वनि के कुछ सेकेंड के पश्चात अंतिम परिणाम वास्तव में, "देख" सकते हैं।
7. माननीय सदस्य, माननीय अध्यक्ष के आसन के किसी भी तरफ संस्थापित व्यक्तिगत परिणाम डिस्प्ले बोर्डों पर, मल्टीमीडिया डिवाइस पर और हाँ/नहीं/मतदान में भाग नहीं लेने वाले बटन पर भी अपने मत की जांच कर सकते हैं।
8. मत दर्ज नहीं होने की दशा में, अथवा यदि कोई सदस्य अपने मत में परिवर्तन करना चाहते हैं, तो वे पर्ची के माध्यम से मतदान की माँग कर सकते हैं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, महासचिव जी ने डीटेल में आपको बताया है। मैं समझता हूं कि इस सदन में पहली बार मतदान हो रहा है और पहली बार मतदान प्रक्रिया में कुछ परेशानियां, आप सभी माननीय सदस्यों को अनुभव हो सकती है। हमारी तरफ से इसके लिए कई बार अभ्यास किया गया है, लेकिन मतदान पहली बार किया जा रहा है। अगर कोई संशोधन करना होगा, तो हम सब इसमें संशोधन भी करेंगे। अगर किसी माननीय सदस्य को बटन दबाने में परेशानी होगी, तो हम इस बार व्यक्तिगत रूप से उन्हें पर्ची के लिए भी एलाउ करेंगे।

प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

... (व्यवधान)

लोकसभा में मत-विभाजन हुआ।

(1325-45/KN/UB)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, यह क्या तरीका है?

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है। माननीय सदस्य, प्लीज आप बैठिये।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सब वरिष्ठ सदस्य हैं। माननीय सदस्य, प्लीज बैठिये। एक बार दोबारा करवाएंगे।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं माननीय सदस्यों से पुन: आग्रह करता हूं। प्लीज एक बार आप सब बैठिये। आप एक बात सुनिये।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं माननीय सदस्यों से पुन: आग्रह करता हूं। मैंने पूर्व में भी कहा था। हम पहली बार मतदान की प्रक्रिया इलैक्ट्रॉनिक तरीके से कर रहे हैं। अगर किसी माननीय सदस्य को कोई आपत्ति हो तो वह अपने मत को पर्ची के माध्यम से भी संशोधित कर सकता है।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : जो अपने मत को संशोधित करना चाहते हैं, उन्हीं को पर्ची दे रहे हैं। सब को नहीं दे रहे हैं।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं फिर आग्रह करता हूं कि जिन माननीय सदस्यों को अपने मत को संशोधित करना है, वही पर्ची लें। क्योंकि माननीय सदस्य आप सब विद्वान सदस्य हैं, इसलिए एक बार और प्रयास कर लें।

... (व्यवधान)

(1350/GG/VR)

माननीय अध्यक्ष : ऑनरेबल मेंबर्स प्लीज़।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों, जब भी वोटिंग मशीन से मतदान होता है तो आप सब अपनी सीट से दबाए गए बटन और सदन के दोनों ओर लगी हुई बड़ी स्क्रीन में आप मिलान कर सकते हैं। अगर मिलान में सही नहीं होता है और आपको कुछ करेक्शन करना है, एबस्ट्रेन में या मतदान में, तो ही आप पर्ची मांगे और तब ही पर्ची से मतदान में करेक्शन करें।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों, शुद्धि के अध्यधीन, मत-विभाजन का परिणाम यह है:

हाँ: 269

नहीं: 198

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, अब आप विधेयक को पुर:स्थापित करें।

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL: Sir, I introduce the Bill.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, अब आप विधेयक को पुर:स्थापित करें।

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL: Sir, I introduce the Bill.

माननीय अध्यक्ष : लॉबीज़ खोल दी जाएं।

सभा की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1354 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा पन्द्रह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1500/SAN/MY)

The Lok Sabha re-assembled at Fifteen of the Clock.

(Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377 – LAID

1500 hours

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, the Matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them, may personally hand over the text of the matter at the Table of the House within 20 minutes.

Only those matters shall be treated as laid for which text of the matter has been received at the Table within the stipulated time and the rest will be treated as lapsed.

Re: Utilization of gelatin base in bio-fertilizers

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : माननीय कृषि मंत्री जी जैव उर्वरक श्रेणियों में कैप्सूल इन जेलाटिन बेस का उपयोग किये जाने से तकनीकी रूप से किसानों और कृषि के लिये लाभदायक हो सकती हैं। हाल के संशोधनों में इसे शामिल नहीं किया गया है। 01 दिसम्बर 2018 को राजपत्रित अधिसूचना एस.ओ. संख्या 5887 (अनुलग्नक 01) में जहां भी लिक्विड बेस्ड शब्द का प्रयोग हुआ है उसे लिक्विड बेस्ड या कैप्सूल इन जेलाटिन बेस से प्रतिस्थापित किये जाने से जैव उर्वरक की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है उक्त संशोधन पूरे देश के किसानों के लिये लाभकारी सिद्ध होगा एवं जैव उर्वरको को अपनाने में वृद्धि होगी एवं रासायनिक उर्वरको का उपयोग कम होगा। अतः मेरा माननीय मंत्री से अनुरोध है उक्त संबंध में समुचित दिशा निर्देश जारी करे जिससे की हमारे किसान भाईयों को लाभ प्राप्त हो सके।

(इति)

Re: Need to extend services of trains upto Katra / Mata Vaishno Devi Railway Station

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि गाड़ी संख्या-15651 (लोहित एक्सप्रेस), 15097 (जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस) एवं 12491 (मौरध्वज सुपर फास्ट एक्सप्रेस) अपने-अपने प्रारंभिक स्थानों से बिहार और उत्तर प्रदेश के अनेकों रेलवे स्टेशनों से होकर जम्मूतवी तक जाने वाली बहुत ही प्रमुख ट्रेनें हैं। इन प्रमुख ट्रेनों में विशेषकर माता वैष्णों देवी के दर्शनार्थ बहुतायत की संख्या में वृद्दजन भी यात्रा करते हैं। इन ट्रेनों से मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता भी बड़ी संख्या में माता वैष्णों देवी के दर्शन- पूजन हेतु छपरा जं. एवं सिवान जं. से यात्रा करते हैं। इसलिए माता वैष्णों देवी के दर्शन हेतु जानेवाले बिहार और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं सहित मेरे संसदीय क्षेत्र के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इन ट्रेनों का संचालन जम्मूतवी से विस्तारित कर कटरा/माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन तक कराये जाने की अतिआवश्यक है। क्योंकि श्रद्धालुओं को काफी लम्बी दूरी से यात्रा कर जम्मूतवी पहुंचने के बाद पुन: गाड़ी बदलकर कटरा/माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन पहुंचकर माता वैष्णों देवी के दर्शन के लिए जाने में श्रद्धालुओं को काफी कठिनाईओं का सामना करना पड़ता है। उपर्युक्त प्रमुख ट्रेनों का कटरा/माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन तक संचालन कराने से माता वैष्णों देवी के दर्शनार्थ जाने वाले बिहार और उत्तर प्रदेश के वृद्दजनों का समय बचेगा, शारीरिक परेशानी कम होगी और, साथ ही साथ आर्थिक बचत भी होगी। अत: महोदय के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि जनहित में उपरोक्त ट्रेनों का संचालन जम्मूतवी से विस्तारित कर कटरा / माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन तक कराया जाये। (इति)

Re: Need for comprehensive plans for development of a circuit connecting major religious places in Jharkhand alongwith completion of Food Craft Institute at Deoghar in the State

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): The previously sanctioned projects for further development such as the Ministry of tourism has included Deoghar city (Jharkhand) in the Prasad Yojana. At the time of its inclusion, I had raised an issue concerning the narrow streets of the city leading to the temple should be widened. Secondly, the Prime Minister in the year 2015 had announced a package for the development of religious sites in the region, especially the Sultanganj to Deoghar corridor for the betterment of the facilities in the Kanwar Yatra and the overall holistic development of religious sites in the area. Thirdly, the Deoghar, Santhal Pargana, and Jharkhand region is the hub of numerous religions, including Jainism and Hinduism. A comprehensive plan should be chalked out for the development of a circuit which connects the major religious hubs of the pious region. This circuit will impact India's reputation globally. Parasnath, Deoghar, Basukinath, Maluti, Tarapith, Vikramshila, Bateshwarsthan, Mandar, Champapuri, Sultanganj, Karangari in Munger are all pivotal religious hubs with hundreds of millions of devotees flocking to these temples annually to pay their respects. I would like to state further that the Food Craft Institute is an incomplete project in Deoghar. Thus, I request to complete the projects for the development of this backward region in Jharkhand.

(ends)

Re: Need to set up Integrated Manufacturing Cluster in Garhwa district, Jharkhand

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोशन (NICDC) के तहत (Amritsar Kolkata Industrial) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) स्थापित करने का निर्णय केन्द्र सरकार के द्वारा लिया जा चुका है एवं राज्य सरकार को सूचित भी किया जा चुका है। परन्तु दुर्भाग्यवश राज्य सरकार पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) स्थापित न कर बोकारो में स्थापित कराना चाहती है, परन्तु ध्यान देने योग्य बात यह है कि सेल के द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है जो भविष्य में यदि इस IMC का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो सके। साथ ही यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का विचार है कि आकांक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि कि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़े हो। केन्द्र सरकार से माँग करता हूँ कि गढ़वा जिला के भवनाथपुर में (IMC) स्थापित करने से संबंधित निदेश राज्य सरकार को देने की कृपा की जाय।

(इति)

Re: Need to connect Helipad at Rohini, Delhi with KMP Expressway

श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : मैं आज दिल्ली के एक महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ जिससे दिल्ली के लोगों को बहुत लाभ होगा, उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी हेलीपैड से लेकर KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे रोड को जोड़ने से दिल्ली मे रह रहे बहुत सारे लोगों को बहुत लाभ होगा और आवागमन मे बहुत आसानी होगा। KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे जो कि कुंडली मनेसर पलवल एक्स्प्रेसवे है वह दिल्ली के बाहर बाहर से जाता हैं और कुंडली, मनेसर व पलवल को आपस मे जोड़ता हैं, परंतु KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी हेलीपैड की कनेक्टिविटी न होने से लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं और लोगों को बहुत दूर से KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे पर चढ़ना पड़ता हैं, KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी हेलीपैड हेतु सीधा रोड या एलिवेटिड फ्लाइओवर बनाकर कनेक्ट करने से लोगों को बहुत लाभ होगा, लोग सीधा KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी दिल्ली पहुच सकेंगे तथा KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे पर चढ़ने में भी आसानी होगी, आवागमन आसान होगा और लोगों को सुविधा होगी। मेरा सरकार से निवेदन हैं कि KMP नैशनल एक्स्प्रेस वे से रोहिणी हेलीपैड हेतु सीधा रोड या एलिवेटिड फ्लाइओवर बनाकर कनेक्ट किया जाए।

(इति)

Re: Need to introduce Vande Bharat superfast train service between Silchar in Assam and New Delhi

श्री परिमल शुक्लबैद्य (सिल्चर) : सिलचर, जो कि दक्षिण असम का एक महत्वपूर्ण शहर है, यहां की लगभग 20 लाख की जनसंख्या को देश की राजधानी जाने के लिए असुविधाजनक और समय लेने वाली यात्रा करनी पड़ती है। विशेष रूप से, छात्रों, व्यापारियों और रोगियों को यात्रा करने में गंभीर कठिनाइयाँ आती हैं।नई दिल्ली और सिलचर के बीच वंदे भारत या राजधानी जैसी सुपरफास्ट ट्रेन सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।यह सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी, बल्कि यह हमारे क्षेत्र की जनता को अधिक आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अवसर भी प्रदान करेगी। सिलचर और नई दिल्ली के बीच सुपरफास्ट ट्रेन सेवा के शुरू होने से न केवल सिलचर, बल्कि मिजोरम, मणिपुर, बाराक घाटी के तीन जिलों, और मेघालय के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से जयंतिया हिल्स जैसे क्षेत्रों को भी महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों के रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहने के कारण लोग कई कठिनाइयों का सामना करते हैं।मैं माननीय रेल मंत्री से निवेदन करता हूँ कि कृपया सिलचर और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत या राजधानी जैसी सुपरफास्ट ट्रेन सेवा शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, ताकि इस पूरे क्षेत्र की जनता को बेहतर रेल सेवा का लाभ मिल सके।

(इति)

Re: Need to establish AIIMS in Hazaribagh, Jharkhand

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) : आज सदन में , मैं आपके सामने अपनी लोक सभा हजारीबाग झारखण्ड के गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक मांग करने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारी लोक–सभा क्षेत्र में गरीबों के इलाज हेतु समुचित व्यवस्था न होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इलाज हेतु दिल्ली , मुंबई, चेन्नई , राँची, वेल्लोर जैसे शहरों में जाते है, जहां भीड़ के चलते उन्हें इलाज हेतु उन्हें बड़ा संघर्ष करना पड़ता है, जिनमें इमरजेंसी बीमारियों के इलाज समय पर न हो पाने के कारण गरीबों को निराशा का सामना करना पड़ता है, तथा बड़े शहरों में गरीबों को अत्यधिक आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ता हैं, अतः माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी आग्रह करना चाहूंगा कि हजारीबाग में नए एम्स हॉस्पिटल का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाय जिससे हमारी लोक सभा के साथ-साथ कोडरमा, चतरा, रामगढ़ – हजारीबाग जिलों में रह–रहे करोड़ों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।

(इति)

Re: Need to restore the services of Rishikesh-Jammu Tawi Express train

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : हमारे विभिन्न अनुरोधों से रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने जम्मू से ऋषिकेश और वापस योग नगरी ऋषिकेश से जम्मूतवी के लिए गाड़ी संख्या 14606/14605 अतिरिक्त साप्ताहिक ट्रेन प्रदान करने की कृपा की थी, लेकिन अब इस साप्ताहिक ट्रेन की सेवाएं पिछले कुछ दिनों से निलंबित कर दी गई है इस साप्ताहिक रेलगाड़ी की सेवाएं स्थगित होने के कारण, कटरा से ऋषिकेश के लिए केवल एक रेलगाड़ी सेवा उपलब्ध है, अर्थात् हेमकुंट एक्सप्रेस- जो पहले से ही कटरा में क्षमता से अधिक भरी हुई है, जिससे जम्मूवासियों के लिए यात्रा लगभग असुविधाजनक हो गई है। आपको ज्ञात है कि अमावस्या पर्व 30 दिसंबर, 2024 को पड़ रहा है, यह एक महान हिंदू धार्मिक त्योहार है इस पवित्र त्योहार पर गंगा माँ जी में स्नान करने के लिए हरिद्वार आने वाले भक्तों की भारी भीड़ होती है। इस ट्रेन के निलंबन के कारण पर्व के दौरान गंगा के दर्शन करने के इच्छुक यात्रियों के लिए यात्रा करना बहुत असुविधाजनक हो जाएगा। अत: रेल मंत्री जी से निवेदन है कि जम्मू-कश्मीर (यू.टी.) के लोगों के हित के लिए अमावस्या की पूर्व संध्या पर यात्रियों की सुविधा के लिए योग नगरी ऋषिकेश-जम्मू तवी एक्सप्रेस-को चलाने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to set up a Textiles Park in Bhilwara, Rajasthan under PM MITRA Scheme

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) : लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा एक सुविख्यात वस्त्र व्यापार का केंद्र है एवं यह 'मैनचेस्टर ऑफ़ इंडिया' कहलाता है जिसमे प्रति माह 9 करोड़ मीटर कपडा उत्पादन, 50,000 से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला, 30 हज़ार करोड़ रूपये सालाना टर्नओवर एवं 6,000 करोड़ रूपये का वार्षिक निर्यात होता है | 2022-23 के केंद्रीय बजट में पीएम मित्रा योजना के तहत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का प्रावधान किया गया, परन्तु तत्कालीन राज्य सरकार ने ऐसी जगह का प्रस्ताव भेजा जोकि तकनीकी रूप से फिजिबल नहीं होने के कारण निरस्त हो गया| राज्य सरकार ने भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की इच्छा से 1293 बीघा जमीन आवंटित कर रिज़र्व भी कर दी है | मेरा केंद्र सरकार से आग्रहपूर्वक निवेदन है कि आने वाले बजट में पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल पार्क के प्रावधान की घोषणा करें, ताकि वस्त्र नगरी भीलवाड़ा की बहुप्रतीक्षित टेक्सटाइल पार्क की योजना धरातल पर उतर सके। टैक्सटाइल्स पार्क के स्थापित होने से इस क्षेत्र में नए व्यापार और रोज़गार का सृजन होगा और निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

(इति)

Re: Rail connectivity for Chatra district headquarters, Jharkhand

श्री काली चरण सिंह (चतरा) :यह अत्यंत दुख का विषय है कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी चतरा जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया है। वर्षों से स्थानीय जनता की यह मांग रही है कि उग्रवाद प्रभावित इस क्षेत्र में गया (बिहार) से झारखंड में चतरा जिला होते हुए चंदवा तक रेल सेवा का विस्तार किया जाए। इस रेल सेवा का विस्तार होने से रेल के राजस्व में भी वृद्धि होगी। मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह विनम्र निवेदन करता हूँ कि चतरा जिला मुख्यालय को जल्द से जल्द रेल मार्ग से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कदम उठाकर एक निश्चित समय-सीमा के भीतर चतरा से चंदवा तक रेल मार्ग का निर्माण किया जाए |

(इति)

Re: Construction of four lane road from Radhanpur to Patan in Gujarat

श्री भरतसिहंजी शंकरजी डाभी (पाटण) : मेरे संसदीय क्षेत्र पाटण में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एनएच 68 पर पाटण से गोजारिया तक चार लेन सड़क को मंजूरी दे दी है और चरण-1 में 75% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि राधनपुर से रोडा होते हुए पाटण तक चार लेन का निर्माण कार्य (फेज-2) आज तक शुरू नहीं हो सका है. मुझे यह भी बताया गया है कि 2017 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़क की अब तक मरम्मत नहीं करायी गयी है. यहां तक कि रिसरफेसिंग के लिए भी आवेदन सुनने को मिला है। अत: माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि वे राधनपुर से रोड़ा होते हुए पाटण तक एनएच 68 पर चार लेन सड़क का निर्माण शुरू करने के साथ-साथ 2017 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और रिसरफेसिंग सहित अन्य कार्यों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के माध्यम से शीघ्र पूर्ण करवाये।

(इति)

Re: Need to develop Mutyalammapalem Sea Beach in Andhra Pradesh as a tourism destination

DR. C. M. RAMESH (ANAKAPALLE): The Anakapalle District was formed two years ago with two Revenue Divisions - Anakapalle and Narasipatnam and 24 Mandals. The district is fortunate to have great personalities in different fields alongwith beautiful backdrop of hills and thick forest and Mutyalammapalem Sea Beach. Mutyalammapalem Beach is used for shooting of films, Telugu Serials and pre-wedding ceremonies due to its beautiful backdrop. Many people come here to enjoy the Beach and its surroundings. Muthyalamma Thalli Festival takes place every year on this Beach. Looking at the scenic beauty, many people from various parts of the State visit here. If this beach is developed, we can achieve twin objectives of promoting Tourism, pushing economic activity and also providing employment to local youth. I would, therefore, request the Hon'ble Minister of Tourism, to look into it and provide funds for developing Mutyalammapalem Beach as one of a vibrant Tourism Destination.

(ends)

Re: Need to remove a toll booth on NH-18 (Ahmedabad–Indore) in Panchmahal Parliamentary Constituency

श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव (पंचमहल) : अहमदाबाद से इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर NH-47 मेरे पंचमहाल लोकसभा मतविस्तार से गुजरता है। गोधरा तालुका के वावडी गांव पर एक हाई वे टोल कलेक्शन बूथ है इसके आगे सिर्फ 36 किलोमीटर पर दूसरा है वे टोल कलेक्शन बूथ लिमखेड़ा गांव पर है। सरकार द्वारा लोकसभा में दो टोल बूथ के बीच 60 किलोमीटर का अंतर रहेगा ऐसा कहा गया है। इससे कम अंतर होने पर टोल बूथ हटा दिया जाएगा। मेरे मतविस्तार के गावों के नागरिकों द्वारा इस विषय में टोल बूथ दूर करने के लिए रूबरू विनती की है। इस टोल बूथ को दूर करने के लिए आपश्री से आग्रहभरी विनंती करता हूँ।

(इति)

Re: Need to include Rajasthani language in the Eighth Schedule to the Constitution

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : राजस्थानी भाषा को संवैधानिक सम्मान नही दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण हैं | आजादी के पहले से राजस्थानी की संवैधानिक मान्यता की मांग शांतिपूर्ण तरीके की जा रही है लेकिन केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा राजस्थानी भाषा की अनदेखी की जा रही है | 2003 में तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके केंद्र सरकार को 8वी अनुसूची में राजस्थानी भाषा को जोड़ने के लिए भेजा गया था। भाषाविद MS महापात्रा के प्रतिनिधित्व में एक कमेटी भी बनाई गई थी जिसने राजस्थानी भाषा को समृद्ध बताया था फिर भी राजस्थानी को 8वी अनुसूची में नही जोड़ा गया जबकि अन्य भाषाओं को केंद्र सरकार द्वारा 8वी अनुसूची में भी जोड़ा जा रहा है और विभिन्न राज्य सरकारे अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को राजभाषा का दर्जा भी दे रही है | ऐसे कौनसे मानक है जिन पर राजस्थानी खरा नहीं उतरती है | 2003 में संविधान की 8वी अनुसूची में बोडो,डोगरी,मैथिली,संथाली को जोड़ा गया लेकिन राजस्थानी को नहीं जोड़ा जा रहा है | हाल में असमिया ,बांग्ला,मराठी आदि को शास्त्रीय भाषाओं की सूची में जोड़ा गया है अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजस्थानी भाषा को 8वी अनुसूची में जोड़ें तथा राज्य सरकार अनुच्छेद 345 के तहत राजस्थानी भाषा को राज्य में राजभाषा बनाये।

(इति)

Re: Need to include Chutiya, Koch-Rajbongshi, Moran, Motak and Tai-Ahom tribes of Assam in the list of Scheduled Tribes

मोहम्मद रकिबुल हुसैन (धुबरी) : मैं इस सदन में चाय जनजातियाँ, चुटिया, कोच-राजबोंगशी, मटक, मोरन और ताई-अहोम समुदायों को जनजाति समुदाय के रूप में घोषित करने के मामले पर विचार हेतु उठाना चाहता हूँ। यह मुद्दा पिछले कई वर्षों से लंबित है और इन समुदायों की आकांक्षाओं और संवैधानिक अधिकारों का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। ये समूह कई दशकों से अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल होने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ये समुदाय असम के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। हमारे देश के विकास में इनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद भी इन्हें उचित सम्मान नही मिला है जिसके करण आज यह हाशिए पर हैं और इन्हें अभाव का सामना करना पड़ता है। हालांकि इन्होंने चाय उद्योग, कृषि और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, फिर भी वे शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुंच सहित गंभीर सामाजिक-आर्थिक नुकसान से जूझ रहे हैं। इन समुदायों को जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि इन समुदायों के अधिकारों की रक्षा हो सके और उन्हें समान अवसर प्राप्त हो सकें। यह कदम न केवल असम बल्कि पूरे देश में सामाजिक न्याय और समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

(इति)

Re: Need to make 'Saha Jeevanam Sneha Gramam' centre for Endosulfan victims in Kasaragod, Kerala fully operational as rehabilitation Centre

